26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 31 अगस्त , 2026

अंक- 307 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# सिंगर हत्याकांड के 2 शूटर ढेर

## अंकित के पिता बोले- आधा इंसाफ मिला, आधा बाकी

**शामली (एजेंसी/चिंगारी)।** हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान हत्याकांड के दो शूटरों सुमित और मोहित को यूपी पुलिस ने आज सुबह मुठभेड़ में मार गिराया। शामली एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों शूटर बाइक से शामली से सोनीपत (हरियाणा) की तरफ भाग रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उन्हें घेर लिया। पकड़े जाने के डर से आरोपियों ने फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस को भी फायरिंग करनी पड़ी। दोनों तरफ से करीब 20 राउंड गोलियां चलीं। इसमें बदमाश सुमित (24) और मोहित (22) को गोली लग गई। पुलिस दोनों को जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सुमित और मोहित सोनीपत के रहने वाले थे। दोनों पर 50-50 हजार रुपए का इनाम था। सुमित पर एक और मोहित पर 15 मुकदमे दर्ज थे। दोनों ने अपने दो साथियों के साथ सिंगर की हत्या की थी। दो आरोपी सत्यम और आर्यन अब भी फरार हैं। 26 अगस्त की शाम 32 साल के सिंगर अंकित बालियान शामली में जिम करके निकले, तभी हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और 18 राउंड फायरिंग की।




## दिल्ली में निर्भया जैसा कांड

### 47 किमी. तक चलती बस में हुई किशोरी से दरिंदगी

चार अगस्त की रात एक 16 वर्षीय स्कूली छात्रा से स्लीपर बस में सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में बस के ड्राइवर और कंडक्टर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, घटना 4 अगस्त की रात हुई थी। अपराध में इस्तेमाल की गई स्लीपर बस को जब्त कर लिया गया है। बस की फोरेंसिक जांच की जा रही है। देश की राजधानी दिल्ली में एक बार फिर निर्भया जैसा कांड सामने आया है। इस घटना ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

ॐ

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥



शोक संदेश

॥ ॐ शान्तिः ॥

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे
पूज्य पिताजी स्व. श्री प्रमोद कुमार त्यागी जी
का स्वर्गवास शुक्रवार दिनांक 21 अगस्त 2026 को हो गया था।
प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। दिवंगत आत्मा की सदगति एवं
शान्ति हेतु शोक श्रद्धांजलि का कार्यक्रम निम्नवत निश्चित हुआ है।

तेरहवीं संस्कार एवं श्रद्धांजलि सभा

दिनांक : 02 सितम्बर 2026, बुधवार
शान्ति यज्ञ (निज निवास) प्रातः 09:00 बजे
स्थानः मकान नं. D-9, गीता नगरी, सिविल लाइन्स, शिव मंदिर के पास, बिजनौर (उ.प्र.)
ब्रह्मभोज : प्रातः 11:30 बजे से/ रस्म पगड़ी : श्रद्धांजलि सभा : दोपहर 02:00 बजे
स्थान : राजमिलन बैंक्वेट हॉल, नगीना रोड
सामने थाना कोतवाली शहर, बिजनौर (उ.प्र.) - 246701

-: शोकाकुल :-
मधु त्यागी (धर्मपत्नी) | डॉ. आमोद कुमार (भाई) | ऋचा त्यागी एवं शिल्पा त्यागी (पुत्रियां) | मिलिंद त्यागी (सुपुत्र)
एवं समस्त त्यागी परिवार तथा रिश्तेदार

निवास मकान नं. D-9, गीता नगरी, सिविल लाइन्स, निकट शिव मंदिर, बिजनौर (उ.प्र.)
मो. नं.: 9911027408

खुशखबरी खुशखबरी

10वीं व 12वीं पास SC, ST, EWS, तथा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए 100% निशुल्क प्रवेश!

कोर्सेस के नाम:
ANM | GNM | B.Sc. Nursing
D.Pharm | B.Pharm | BMLT
BCA | BBA | B.Tech
Polytechnic | Fashion Designing
एवं अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम

BDS और BAMS ONLY
16 लाख मे
WITH ROOM, FOOD
TOTAL PACKAGE

छात्रों के लिए विशेष लाभ:
- संस्थान द्वारा सभी कोर्स पूर्णतः निःशुल्क।
- पढ़ाई के साथ-साथ ₹10,000/माह की शानदार पेड इंटर्नशिप।
- TCS जैसी टॉप कंपनियों और कैलाश जैसे प्रतिष्ठित अस्पतालों में कॉर्पोरेट व क्लिनिकल जॉब के बेहतरीन अवसर।
- सरकारी छात्रवृत्ति (Scholarship) सीधे छात्र के बैंक खाते में।
- 100% कैरियर सपोर्ट और सुनिश्चित प्लेसमेंट सहायता।

जल्दी करें — सीटें सीमित हैं!
आज ही संपर्क करें, अपना फॉर्म भरें और एक सुनहरे भविष्य की दिशा में अपना पहला कदम उठाएँ।

Call / WhatsApp:
98374 58181, 94569 51520

Address:
ऑल नेट इंडिया ट्रस्ट (ALLNETINDIATRUST), शॉपर्स प्राइड मॉल (SRS Mall), शक्ति चौक, बिजनौर - 246701 (U.P.)

BANSAL JEWELLERS
विश्वास की परंपरा, शुद्धता का वादा



मुख्य विशेषताएँ
100% हॉलमार्क सर्टिफाइड
केवल HUID हॉलमार्क वाले शुद्ध सोने के आभूषण।
ऑर्डर पर निर्माण
आपकी पसंद के अनुसार बेहतरीन कारीगरों द्वारा कस्टमाइज्ड ज्वेलरी।
सबसे कम दाम की गारंटी
हम गारंटी के साथ आपको पूरी मार्केट से सस्ता और बढ़िया ब्रांडेड माल देंगे।
पारदर्शिता की गारंटी
आपको माल की जो क्वालिटी बताई जाएगी, वही बैठेगी।
लेटेस्ट डिज़ाइन्स
एंटीक, मॉडर्न, लाइटवेट।

गोल्ड टेस्टिंग मशीन उपलब्ध है।
निकट एच.डी.एफ.सी बैंक, धनौरा रोड चाँदपुर (बिजनौर)
M. 9870630930, 9410237050

चांदी का सभी सामान होलसेल रेट पर उपलब्ध है।

# गुलफाम की हत्या के मामले में पत्नी समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## कब्र से शव निकलवाकर कराए गए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या होने की पुष्टि का दावा

नगीना ( चिंगारी )। डीएम के आदेश पर नगीना पुलिस ने 115 दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में हुई गुलफाम की मौत के मामले में मृतक की पत्नी सहित सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। डीएम के आदेश पर ही बीते 31 जुलाई को मृतक का शव कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम कराया गया था। नगीना थाना क्षेत्र के ग्राम बघाला निवासी सलमान ने डीएम को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा था कि उसका सगा भाई गुलफाम अपनी पत्नी रोशन के साथ आदर्शनगर वार्ड नंबर सात थाना व कस्बा दादरी, जिला गौतमबुद्धनगर में किराए के मकान में रहता था। सात मई 26 को मुझसे रोशन की बहन ने मेरे भाई गुलफाम की मृत्यु की सूचना दी। इस सूचना से वह मुंबई से अपने घर ग्राम बघाला पहुंचा तो मेरे भाई गुलफाम का दफीना आनन-फानन में हमारी गैर मौजूदगी में कर दिया गया था। जानकारी हुई कि गुलफाम की मृत्यु संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है, तो मैंने 20 जुलाई को डीएम बिजनौर को प्रार्थना-पत्र देकर अपने भाई गुलफाम का शव कब्रिस्तान से निकलवाकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी। डीएम के आदेश पर नगीना एसडीएम प्रिंस कुमार ने 31 जुलाई को गुलफाम का शव कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया था। दावा किया गया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गुलफाम की गर्दन के चारों ओर रस्सी/तार का निशान थायराइड के नीचे पाया गया, जिससे स्पष्ट है कि गुलफाम की गला घोंटकर हत्या की गई है। डीएम के आदेश पर नगीना पुलिस ने मृतक गुलफाम की पत्नी रोशन, एक अज्ञात सहित सात लोगों के खिलाफ (जीरो) मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने मुकदमा दर्ज होने की पुष्टि की है।

# लैब संचालक के साथ मारपीट करने वालों का शांतिभंग में चालान

नगीना ( चिंगारी )। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो एक पैथोलॉजी लैब का बताया जा रहा है, जिसमें कुछ लोग लैब संचालक व उसके साथियों के साथ काफी देर तक मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। पुलिस मामले में एक पक्ष के लोगों के खिलाफ शांति भंग में चालान किए जाने का दावा कर रही है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल वीडियो में दो पक्ष एक-दूसरे के साथ मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वायरल वीडियो नहटौर मार्ग पर स्थित




एक पैथोलॉजी लैब का होने का दावा

किया जा रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो के साथ-साथ एक तहरीर भी वायरल हो रही है, जिसमें घटना 18 अगस्त की होने का दावा किया गया है। वायरल तहरीर में एक पक्ष के लोगों पर लैब में घुसकर मारपीट करने, नुकसान पहुंचाने तथा अन्य गंभीर आरोप भी लगाए गए हैं। सीओ डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि इस मामले में हमलवार आरोपियों का शांति भंग में चालान किया गया है।

नगीना में लैब के भीतर मारपीट करते लोग।

# जंगल में काम करने गए दो युवकों को सांप ने डसा, एक बिजनौर रैफर

नगीना ( चिंगारी )। जंगल में काम करने गए दो युवकों को रविवार की दोपहर अलग-अलग घटनाओं में सांप ने डस लिया। दोनों को परिजनों ने उपचार के लिए नगीना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद एक युवक की हालत गंभीर होने पर उसे बिजनौर रैफर कर दिया गया, जबकि दूसरे की हालत ठीक बताई गई है। मोहल्ला मुस्लिम कटेरा निवासी रईस ( 35 ) रविवार दोपहर करीब 12 बजे जंगल में काम करने गया था। इसी दौरान अचानक जहरीले सांप ने उसके पैर में डस लिया। सांप के डसने के बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे आनन-फानन में नगीना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बिजनौर रैफर कर दिया। वहीं, ग्राम अलेहदादपुर खजवा निवासी हनीफ ( 30 ) भी रविवार दोपहर करीब 12 बजे जंगल में काम करने गया था। इसी दौरान सांप ने उसके पैर में डस लिया। उसे भी उपचार के लिए नगीना के सरकारी अस्पताल लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, जिसके बाद उसकी हालत सामान्य बताई गई है। दोनों मामलों में सरकारी अस्पताल में समय पर उपचार मिलने से दोनों पीड़ितों को राहत मिल गई ।

# छत से आंगन में गिरा सात वर्षीय बालक, मौत

नगीना ( चिंगारी )। घर की करीब 12 फीट ऊंची छत से आंगन में गिरने से सात वर्षीय बालक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया।

ग्राम नरैनी निवासी आरव ( सात वर्ष) पुत्र रोशन कुछ दिन पहले अपनी मां के साथ ननिहाल ग्राम मौसमपुर आया था। सुबह करीब 7:30 बजे आरव घर की छत पर खेल रहा था। खेलते समय अचानक वह छत से नीचे आंगन में जा गिरा। हादसे में बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन आनन-फानन में उसे नगीना के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद आरव को मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बाद में परिजन शव को उसके गांव नरैनी ले गए। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सीओ डॉ.अंजनी कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि इस मामले की कोई शिकायत थाने में नहीं आई है।

बिजनौर में खुल गया है

ATHER | कम डाउन पेमेंट | कम ब्याज दर | ATHER

आज ही लायें एथर स्कूटर



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।

मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# अगर कोई व्यक्ति मुसलमानों को भारत से बाहर निकालने की बात करता है, तो वह हिन्दू नहीं- मोहन भागवत

**न्यूयार्क ( एजेंसी/चिंगारी )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक प्रमुख मोहन भागवत ने हर इंसान की गरिमा और मानवीय एकता पर जोर देते हुए कहा है कि किसी व्यक्ति के धर्म के आधार पर उसके अस्तित्व को नकारना हिन्दुत्व की सोच नहीं हो सकती है और अगर कोई व्यक्ति मुसलमानों को भारत से बाहर निकालने की बात करता है, तो वह हिन्दू नहीं हो सकता।

श्री भागवत ने अमेरिका में न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में शनिवार रात 'वन वर्ल्ड वन ह्यूमैनिटी' कार्यक्रम में धर्म, पर्यावरण, मानवीय सोच, कर्तव्य और हिन्दुत्व सहित विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने करीब 42 मिनट के अपने संबोधन के दौरान एक पुराने संवाद का जिक्र करते हुए बताया कि मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने उनसे पूछा था कि आरएसएस हिन्दू संगठन है और हिन्दू राष्ट्र की बात करता है, तो मुस्लिमों का क्या होगा। क्या उन्हें भारत से बाहर कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, मैंने उन्हें जवाब दिया था कि ऐसा करना हिन्दुत्व नहीं है। अगर कोई हिन्दू यह सोचता है कि भारत में कोई मुस्लिम नहीं होना चाहिए, तो वह हिन्दू नहीं है।

इस दौरान संघ प्रमुख ने हिन्दुत्व का मतलब समझाते हुए कहा कि हिन्दुत्व किसी समुदाय को बाहर करने की सोच से अलग है। सभी रास्ते एक ही लक्ष्य ईश्वर की ओर जाते हैं और हर इंसान की गरिमा है। उन्होंने कहा कि एकता और विविधता भारत के 'डीएनए' में है। लोग अलग-अलग दिखते हैं, उनके रहने के अपने-अपने तरीके हैं, लेकिन सभी के बीच एक जन्मजात जुड़ाव है।



श्री भागवत ने कहा कि विविधता में एकता भारत की पारंपरिक सोच है और देश समय-समय पर पूरी दुनिया को इसका एहसास कराता रहा है। उन्होंने कहा कि सोचने की क्षमता इंसान के लिए एक वरदान है। सही सोच इंसान को ईश्वर के करीब ले जाती है, जबकि गलत सोच उसे जानवरों के करीब ले जाती है। श्री भागवत ने कहा कि मौजूदा समय में दुनिया में धर्मों की पहचान मुख्य रूप से रीति-रिवाजों से होती है। किसी धार्मिक अनुशासन का पालन करने और ईश्वर तक पहुंचने के उस रास्ते पर चलने के लिए रीति-रिवाजों का यह अनुशासन बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा मैं कोई धर्म-विशेषज्ञ या धार्मिक गुरु नहीं हूं, लेकिन ऐसे समाज में काम कर रहा हूं, जो कहता है कि धर्म भले अलग-अलग हों, लेकिन इंसानियत एक है। सत्य एक है और इंसानियत उसी सत्य की उपज है। सत्य का वर्णन कई तरह किया जाता है। उन्होंने इस दौरान कहा अगर हम समाज को लगातार शिक्षित नहीं करते हैं तो उसमें कमियां या भटकाव आ जाते हैं। इतिहास के दौरान ऐसा ही कुछ हुआ है। मैं ठीक उस पल की ओर इशारा नहीं कर सकता। उसके बाद हमारा समाज और हमारा देश विदेशी हमलों का शिकार बना और बहुत सी चीजें खो गयी।

उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में दुनिया में दो तरह की प्रवृत्तियां दिखाई देती हैं, जिसमें एक कहती है, जियो और जीने दो' तो दूसरी कहती है- 'जियो और केवल उन्हें जीने दो, जो हमारी बात मानें। जो लोग यह कहते हैं कि अगर आप हमारी बात मानेंगे तो हम आपकी रक्षा करेंगे, वे दूसरों की रक्षा को अपनी शर्तों से जोड़ते हैं। जो केवल अपनी बात मानने वालों की रक्षा करते हैं, उन्हें 'राक्षस' कहा जाता है। **( मदद करना भारत की परम्परा- पेज 16 )**

## पुलिस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कांवड़ यात्रा के दौरान हिन्दू रक्षा सेना ने किया सीओ अंजनी कुमार का सम्मान

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्रावण माह में कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और यात्रा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी को सम्मानित किया गया। हिंदू रक्षा सेना की जिलाध्यक्ष ऐश्वर्या चौधरी एवं जिला उपाध्यक्ष मीनू सिसोदिया ने सीओ को सम्मानित करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर पूरी गंभीरता के साथ कार्य किया है। अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों की मेहनत, सतर्कता और समर्पण के चलते कांवड़ यात्रा सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा बेहतर समन्वय के साथ व्यवस्थाओं को संभाला गया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता देते हुए पुलिसकर्मियों ने पूरे यात्रा मार्ग पर मुस्तैदी से ड्यूटी निभाई।



### सीओ ने जताया आभार

**पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने हिंदू रक्षा सेना के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराना पुलिस प्रशासन की सामूहिक जिम्मेदारी थी। पुलिस टीम ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी निष्ठा से अपना कर्तव्य निभाया। उन्होंने कहा कि पब्लिक और पुलिस के बीच आपसी सहयोग एवं समन्वय से ही बड़े आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सकता है।**



★5999 रुपये के डाउन पेमेंट पर कोई भी स्कूटर अपने घर ले जायें।
★5000 तक के बेनिफिट
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी...**

## बेहतर प्रशासन की जरूरत

बेहतर लोकप्रशासन कैसा हो, इस पर आजादी के बाद से ही बहस जारी है। अच्छे लोक प्रशासन का अर्थ है पहले सामाजिक प्रगति के लिए एक उत्साहजनक और उपयोगी उद्देश्य तय करना और फिर उस उद्देश्य की अच्छी तरह पूर्ति पर ध्यान केंद्रित करना। सबसे पहले एक उत्साहजनक नजरिए का होना आवश्यक है। आमूल-चूल प्रगति सिर्फ एक महान नजरिए से ही संभव होती है क्योंकि यह लोगों की महत्वाकांक्षाओं को बढ़ाती है, उन्हें उत्साही और जोशीला बनाती है,तथा मेहनत और कुर्बानी के लिए प्रतिबद्ध करती है। महात्मा गांधी ने स्वतंत्र भारत के लिए एक शक्तिशाली नजरिए की रचना की, लोगों की महत्वाकांक्षाओं को ऊंचा उठाया और आजादी पाने के लिए उन्हें जबरदस्त कुर्बानियां देने को तैयार किया। इसी तरह निष्पक्षता और समानता के साथ आर्थिक विकास प्राप्त करने के लिए हमारे राजनीतिज्ञों को एक शक्तिशाली दृष्टिकोण की रचना करनी होगी। अच्छा नेतृत्व वह होता है जो एक महान दृष्टिकोण को प्रभावशाली लोक प्रशासन के माध्यम से उत्पादक परिणामों में बदल देता है। प्रभावी लोक प्रशासन की सरपरस्ती ऐसे प्रेरणादायी नेतृत्व द्वारा हो, जो असंभव दिखने वाले उद्देश्यों को पूरा करने के लिए परिवर्तन के प्रतिनिधियों के रूप में काम करें। प्रगति के लिए बहुत मेहनत, प्रतिबद्धता, त्याग और ईमानदारी की आवश्यकता होती है। नेताओं में भरोसा और विश्वास लोगों को लंबी अवधि की बेहतरी की आशा में कम अवधि की कुर्बानियां देने को प्रेरित करता है। भरोसा और विश्वास बनाने के लिए नेताओं के पास सबसे अच्छा मंत्र है। अपने उसूलों पर खुद चलना- त्याग, प्रतिबद्धता, ईमानदारी और मेहनत में अपने विश्वास को केवल शब्दों के बजाए अपने कार्यों द्वारा प्रदर्शित करना। प्रगति में समय लगता है। यह प्रदर्शित करके कि छोटी अवधि में समुदाय को आगे रखकर ही लंबी अवधि में व्यक्तिगत हितों को पूरा किया जा सकता है, लोगों के उत्साह को बनाए रखना प्रभावशाली नेतृत्व का काम है। प्रभावशाली लोक प्रशासन के लिए ग्राहक पर ध्यान रखना भी जरूरी है। जहां निजी क्षेत्र के लिए मुनाफे पर निगाह के चलते ग्राहक पर ध्यान एक सर्वमान्य मुद्दा है, वहीं औपनिवेशिक शासन के नतीजे में लोक प्रशासन अपने ग्राहकों अर्थात देश के नागरिकों पर विरले ही ध्यान देता है।

# विकसित भारत की राह में जर्जर शिक्षा व्यवस्था पर सबसे बड़ा सवाल

**विडंबना यह है कि उसी देश में हम विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएम, मेडिकल संस्थानों और अत्याधुनिक शिक्षण परिसरों की चर्चा करते हैं, लेकिन गांव के उस बच्चे की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं देते जो टूटी छत के नीचे बैठकर भविष्य के सपने देख रहा है। कहीं शिक्षक एक है और कक्षाएं पांच।**

भारत आज वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है। एक शिक्षक, टूटती दीवारें और घटते सरकारी स्कूल। क्या शिक्षा के बिना 2047 का सपना पूरा होगा? दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में देश की प्रगति, डिजिटल क्रांति, अंतरिक्ष उपलब्धियां, आधारभूत ढांचे का विस्तार और वैश्विक मंच पर बढ़ता प्रभाव निश्चित रूप से गौरव का विषय है। लेकिन इसी चमकदार तस्वीर के पीछे यदि हम सरकारी स्कूलों की ओर देखें तो एक दूसरा भारत दिखाई देता है-ऐसा भारत जहां हजारों बच्चे आज भी पर्याप्त शिक्षकों, सुरक्षित भवन, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, बिजली और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सवाल यह है कि जिस शिक्षा-व्यवस्था पर विकसित भारत की नींव रखी जानी है, उसकी बुनियाद ही कमजोर होगी, तो 2047 का भारत कितना मजबूत होगा? सरकारी आंकड़े इस चिंता को और गंभीर बनाते हैं। यूडीआईएसई प्लस 2024-25 के अनुसार देश में 1,04,125 स्कूल ऐसे हैं, जहां केवल एक शिक्षक कार्यरत है और इन स्कूलों में करीब 33.77 लाख विद्यार्थी पढ़ते हैं। यानी एक शिक्षक को कई कक्षाओं, अनेक विषयों और प्रशासनिक जिम्मेदारियों के बीच बच्चों की शिक्षा संभालनी पड़ रही है। यह केवल संख्या नहीं, बल्कि उन लाखों बच्चों के भविष्य की कहानी है, जिनके लिए सरकारी स्कूल शिक्षा का सबसे सुलभ और कई बार एकमात्र माध्यम हैं। विडंबना यह है कि उसी देश में हम विश्वस्तरीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएम, मेडिकल संस्थानों और अत्याधुनिक शिक्षण परिसरों की चर्चा करते हैं, लेकिन गांव के उस बच्चे की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं देते जो टूटी छत के नीचे बैठकर भविष्य के सपने देख रहा है। कहीं शिक्षक एक है और कक्षाएं पांच। कहीं विद्यालय भवन जर्जर है, कहीं पानी नहीं, कहीं शौचालय नहीं, कहीं बिजली और पंखे नहीं। हाल के महीनों में उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों में विद्यार्थियों को अधिक शिक्षक, बेहतर भोजन, पेयजल, पंखे और बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर सड़कों पर उतरना पड़ा। फतेहपुर में तो लगभग एक हजार विद्यार्थियों ने जर्जर कक्षाओं, रिसती छतों और सुरक्षित पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए प्रदर्शन किया। यह स्थिति केवल किसी एक राज्य अथवा किसी एक सरकार की विफलता नहीं है। यह वर्षों से चली आ रही उस प्रशासनिक सोच का परिणाम है, जिसमें शिक्षा को प्राथमिकता तो भाषणों में दी गई, लेकिन उसकी गुणवत्ता और जवाबदेही को शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में स्थान नहीं मिला। शिक्षा विभागों में अधिकारियों और कर्मचारियों की बड़ी व्यवस्था है, बजट है, योजनाएं हैं, समितियां हैं, निरीक्षण तंत्र है-फिर भी एक शिक्षक वाले एक लाख से अधिक स्कूल कैसे बने रहे? यह सवाल केवल सरकार से नहीं, पूरे प्रशासनिक तंत्र से पूछा जाना चाहिए। निश्चित रूप से तस्वीर पूरी तरह निराशाजनक भी नहीं है। यूडीआईएसई प्लस के अनुसार 2024-25 में देश में कुल 14.71 लाख स्कूल, करीब 24.69 करोड़ विद्यार्थी और एक करोड़ से अधिक शिक्षक हैं। सरकारी स्कूलों की संख्या 10.13 लाख है, जबकि निजी मान्यता प्राप्त स्कूल करीब 3.40 लाख हैं। सरकार के आंकड़े यह भी बताते हैं कि एकल-शिक्षक स्कूलों की संख्या 2023-24 के 1,10,971 से घटकर 2024-25 में 1,04,125 हुई है और कंप्यूटर सुविधा वाले स्कूलों का अनुपात 57.2 प्रतिशत से बढ़कर 64.7 प्रतिशत हुआ है। इन सुधारों को स्वीकार करना चाहिए, लेकिन इन्हें अंतिम उपलब्धि मान लेना आत्मसंतोष होगा, क्योंकि शिक्षा की असली कसौटी भवन, कंप्यूटर या आंकड़े नहीं, बच्चे की सीखने की क्षमता और उसके भविष्य का निर्माण है। नीति आयोग की हालिया रिपोर्ट एक और महत्वपूर्ण तस्वीर सामने रखती है। 2014-15 में देश में 11.07 लाख सरकारी स्कूल थे, जो 2024-25 में घटकर 10.13 लाख रह गए। इसके विपरीत निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों की संख्या 2.88 लाख से बढ़कर 3.39 लाख हो गई। यह परिवर्तन केवल स्कूलों की संख्या का उतार-चढ़ाव नहीं है, यह अभिभावकों की बदलती पसंद और सरकारी शिक्षा में घटते विश्वास का संकेत भी है। सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि जब सरकार के पास भवन है, जमीन है, प्रशिक्षित शिक्षक हैं, वेतन देने की क्षमता है और विशाल प्रशासनिक तंत्र है, तब सरकारी स्कूल निजी स्कूलों से पीछे क्यों हैं? निजी स्कूलों की आलोचना करना आसान है, लेकिन यह भी देखना होगा कि अभिभावक अपनी सीमित आय में फीस देकर भी निजी स्कूल क्यों चुन रहे हैं?



**ललित गर्ग**

# विकास दीर्घकालीन योजनायें और युवा ऊर्जा

जब किसी समाज के युवा कठिन परिस्थितियों में अपने सीमित साधनों के परिवारों की कीमत पर ज्ञानोन्नति, प्रशिक्षण, अनुसंधान को सफलतापूर्वक समाप्त कर लेते हैं, तो उनको प्रतिफल के रूप में एक सम्पन्न, प्रतिष्ठापूर्ण कैरियर की इच्छा होना स्वाभाविक है। इस तीव्र और बिलकुल जायज इच्छा को जब वे टूटता देखते हैं तो गम्भीर रूप से निराश होना भी स्वाभाविक है। उनकी शिक्षा-प्रशिक्षण स्वयं उन्हें व्यर्थ लगने लगते हैं। यही नहीं, उन्हें अपना व्यक्तित्व, अपने परिवार का बोझ महसूस होने लगता है। ऐसी स्थिति में निराशा का क्रोध में परिवर्तित होना कोई असाधारण बात नहीं है। निराशा और उस पर खड़ा क्रोध जब युवा की सहनशीलता से टकराता है, तब कभी-कभी उसकी सहनशक्ति क्रोध के दबाव में आ जाती है। इस प्रकार वह अपने सामान्य स्वभाव से विचलित हो जाता है।

यही वह समय है जब एक अनुशासित व्यक्तित्व अपना संयम खो सकता है। वही वह समय है जब वैज्ञानिक सोच उसे सभ्य आंदोलन और हुड़दंग का अन्तर स्पष्ट करती है। सौम्य प्रवित्ति सौम्य व्यवहार से परिलक्षित होती है। राजनैतिक और प्रशासनिक शक्तियों को भी युवाओं के संतुलित व्यवहार को उनकी कमजोरी समझने की घातक भूल नहीं करनी चाहिये। उन्हें भी इस तथ्य को गम्भीरता से लिया जाना व्यवस्था बनाये रखने के लिये आवश्यक है। युवा का कैरियर समाज की शक्ति है, देश की ऊर्जा है।



देश हित दोनों ओर से संचित व्यवहार और दीर्घकालीन औद्योगिक एवं अन्य विकास योजनाओं में निहित है। चीन ने 1979 से 2029 तक की विकास योजनायें बनाई थीं। समय से पूर्व लक्ष्यों की पूर्ति, उनके असाधारण विकास का मुख्य कारण है। स्कूल, कालेज विकास की ऊर्जा का निर्माण करते हैं, उसे उत्पादक बनाना अथवा उस ऊर्जा का सदोपयोग दीर्घ कालीन योजनाओं के माध्यम में स्टेट का काम है और दीर्घ कालीन योजनाओं के सफलतापूर्वक कार्यरत रहने के लिये समाज का केन्द्र बिन्दु विकास ही रहना आवश्यक है। अनावश्यक के जातीय साम्प्रदायिक संघर्ष और वैज्ञानिक सोच का अभाव, बाधायें मात्र हैं।

**मुहम्मद मुस्लिम खां**
मो. 9711132012

# राष्ट्रीय दृष्टि के साथ काम करना विद्यार्थी परिषद का ध्येय- एस. बालकृष्ण

## युवाओं को राष्ट्र के पुनर्निर्माण की ध्येय यात्रा में भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक- एबीवीपी






**धामपुर (चिंगारी)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मेरठ प्रांत की दो दिवसीय प्रांत कार्यकारिणी बैठक का आयोजन धामपुर के राजपूताना रिसोर्ट में किया गया, जिसका उद्घाटन अभाविप के राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री एस. बालकृष्ण, प्रांत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम वत्स, प्रांत मंत्री गौरव गौड़, प्रांत संगठन मंत्री अनुज श्रीवास्तव द्वारा स्वामी विवेकानंद व मां सरस्वती के चित्र के समीप दीप प्रज्वलित कर विधिवत रूप से किया गया।

संगठनात्मक चर्चा के दृष्टिगत आयाम, कार्य, गतिविधि के कार्य की समीक्षा सदस्यता अभियान, युवती सम्मेलन, मिशन साहसी जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी, उसी के साथ-साथ अभियानात्मक विषयों को देखते हुए स्क्रीन टाइम तो एक्टिविटी टाइम, गुरु तेग बहादुर जी के 350 वर्ष, अपातकाल के विरुद्ध आंदोलन के 50 वर्ष, भगवान बिरसा मुंडा सार्ध-सती वर्ष व SEIL 60 जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर चर्चा की गई ।

राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री एस. बालकृष्ण ने कहा कि युवाओं को राष्ट्र प्रथम का भाव रखते हुए संगठन का प्रतिनिधि न बनकर संगठन का प्रतिरूप बन विद्यार्थियों के बीच कार्य करना आवश्यक है। क्षेत्रीय संगठन मंत्री विपिन गुप्ता ने बताया सभी संगठनात्मक व अभियानात्मक कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए महत्पूर्ण बिंदुओं पर हमें ध्यान देना होगा, जिससे हम अपने कार्यक्रमों के माध्यम से बड़े स्तर पर समाज में संदेश पहुंचाने का काम करें।

### ..तब हमने 50 हजार जेन जी को जोड़ा

प्रांत मंत्री गौरव गौड़ ने बताया कि जब देश की राजधानी में कुछ लोग सेना व देश के संविधानिक पद पर आसीन लोगों को अभद्र भाषा से संबोधित कर जैन जी को अपने साथ बता रहे थे, उसी दिन विद्यार्थी परिषद ने पूरे प्रांत में 50000 से अधिक जैन जी को अपना सदस्य बनाकर उनका साथ व समर्थन दिखाया, जब वे लोग देश की सेना को गाली देने का काम कर रहे थे, तब एबीवीपी के कार्यकर्ता प्रत्येक नगर इकाई में राष्ट्रीय ध्वज के साथ विजय कारगिल दिवस मनाने का कार्य कर रहे थे और जब कुछ लोग देश में वंदे मातरम् का अपमान करने का कार्य कर रहे थे, तब एबीवीपी की छात्रशक्ति कैंपस में जाकर विद्यार्थियों के साथ वंदे मातरम् गीत गाकर उसके महत्वपूर्ण संदेश के बारे में अवगत करा रहे थे। प्रांत संगठन मंत्री अनुज श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में विद्यार्थी परिषद के सभी संगठनात्मक विषयों को लेकर किस प्रकार से राष्ट्रीय दृष्टि से देखे गए कार्यों को नगर इकाई व कैंपस तक ले जा सके, उस पर चर्चा की गई, जिससे राष्ट्रवादी विचाधारा का प्रवाह न केवल संगठन तक बल्कि समस्त विद्यार्थियों तक पहुंच सके और देश में छात्रों की आवाज़ को और बुलंद बना सके।

## बूथ मजबूत होगा तो कांग्रेस को मिलेगी जीतः सुहैल अख्तर




**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की जिला स्तरीय बैठक जिलाध्यक्ष वसीम अकरम एडवोकेट के नेतृत्व में हुई। अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ने की। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सुहैल अख्तर अंसारी रहे। बिजनौर पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया। बैठक में सुहैल अख्तर अंसारी ने संगठन सृजन और 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा करते हुए बूथ स्तर पर मजबूत कमेटियों के गठन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बूथ मजबूत होगा, तभी कांग्रेस को जीत मिलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कांग्रेस की विचारधारा और राहुल गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही संविधान की रक्षा और सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने की बात कही। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष शाहनवाज खान, प्रदेश महासचिव आमिर कुरैशी, हाजी नासिर चौधरी, हुमायूं बेग, नजाकत अल्वी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिजनौर में 158 वां निःशुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर आयोजित



**बिजनौर (चिंगारी)।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस (AIUTC) के तत्वावधान में रविवार को सिटी क्लिनिक, BIC के पास बिजनौर में 158 वां निःशुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में फ्लू, वायरल बुखार, सर्दी-जुकाम समेत विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों की काफी संख्या में भीड़ पहुंची। शिविर में डा. आसिफ अख्तर बेग, डा. मोहम्मद दानिश एवं डा. शाकिर इलाही ने मरीजों को निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श दिया। इसके साथ ही मरीजों को निःशुल्क यूनानी दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में विभिन्न प्रकार की जांच भी निःशुल्क कराई गई। फ्लू एवं वायरल बुखार के मरीजों के लिए विशेष रूप से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों ने पहुंचकर चिकित्सकों से परामर्श लिया और उपचार एवं दवाइयां प्राप्त कीं। शिविर में पहुंचे मरीजों ने निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए चिकित्सकों एवं आयोजकों का धन्यवाद किया। आयोजक समिति में डा. आसिफ अख्तर बेग अध्यक्ष तथा डा. मोहम्मद दानिश महासचिव रहे। आयोजकों ने कहा कि जरूरतमंद लोगों तक निःशुल्क चिकित्सा परामर्श और दवाइयां पहुंचाने के उद्देश्य से इस तरह के शिविर आगे भी आयोजित किए जाएंगे।




## माता-पिता की पुण्यतिथि पर किया गौवंश भंडारा



**बिजनौर (चिंगारी)।** स्वर्गीय आत्मप्रकाश गुप्ता स्मृति समिति बिजनौर ने रविवार को कान्हा गौशाला नुमाइश ग्राउंड, बिजनौर में वैदिक कन्या गुरुकुल नवलपुर के संस्थापक सुशील त्यागी की अध्यक्षता में स्वर्गीय श्रीमती कुसुमलता अग्रवाल की द्वितीय एवं स्वर्गीय आत्मप्रकाश गुप्ता की चतुर्थ पूर्णतिथि गौ सेवा भंडारा करके बड़े श्रद्धाभाव से मनाई। समिति ने सामाजिक प्रतिभा सम्मान समारोह के अंतर्गत बिजनौर के पांच सम्मानित विभूतियों चौधरी हेमेंद्रपाल सिंह, ठाकुर चंद्रवीर सिंह गहलोत एडवोकेट, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित राजेन्द्र शर्मा, वैदिक कन्या गुरुकुल नवलपुर की आचार्य सविता आर्या एवं पर्यावरण प्रहरी विक्रांत शर्मा को बिजनौर रत्न की उपाधि से सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सोराज सिंह त्यागी, सहसंयोजक गौ सेवा गतिविधि, मेरठ प्रांत एवं श्री पवन हनुमानजी, प्रचारक गौ सेवा गतिविधि मेरठ प्रांत रहे। समिति की अध्यक्ष श्रीमती नीतू गुप्ता एवं सचिव लाला विवेक गुप्ता एवं उनके पुत्र कुशाग्र सिंघल ने सभी आगंतुकों का पटका पहनाकर स्वागत किया।

# 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक सम्मानित किये

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश वरिष्ठ नागरिक महासमिति जिला बिजनौर की रानी बाग शाखा द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन अल्हैपुर ब्लॉक के डबाकरा हॉल में किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख

## उ.प्र. वरिष्ठ नागरिक महासमिति की बैठक

प्रशासक श्रीमती क्षमा हेमलता चौहान रहीं, गोष्ठी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष धर्मेश कुमार द्वारा व संचालन रानी बाग समिति के अध्यक्ष जगदीश सिंह द्वारा किया गया। समिति के 80 वर्ष आयु के ऊपर के सम्मानित सदस्यों को ब्लॉक प्रमुख द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले समिति के सदस्यों में गजराज सिंह, यशपाल सिंह, नारायण सिंह, महेंद्र सिंह मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद नागरिक।

सभी को शाल ओढ़ाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। गोष्ठी में जितेंद्र पाल सिंह गहलोत, शिवकुमार सिंह, हेमराज सिंह, विनोद चादना, टीकम सिंह फौजी, गिरीश चंद, डॉक्टर भागेश सिंह, आदेश कुमार, श्रीमती सुनीता नंदा, श्रीमती सारंगा देश असीम, राकेश चमोली, विनोद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# रक्षाबंधन पर फ्री यात्रा का मुस्लिम महिलाओं ने भी उठाया खूब लाभ

**शेरकोट ( चिंगारी )।** रक्षाबंधन के पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा रोडवेज बसों में कराई गई मुफ्त यात्रा का हिंदू-मुस्लिम महिलाओं द्वारा खूब लाभ उठाया गया। तीन दिन चली इस विशेष व्यवस्था की महिलाओं द्वारा सराहना की जा रही है। मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन पर महिलाओं और उनके एक सहयात्री के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में नि:शुल्क यात्रा की घोषणा की थी। ये फ्री बस सेवा व्यवस्था 27 अगस्त की सुबह से लागू होकर 29 अगस्त की मध्य रात्रि तक चली। त्यौहार के मौके पर चलाई गई इस निशुल्क सेवा का महिलाओं ने जमकर लाभ उठाया और किराये के रूप में सैकड़ों रूपए की बचत कर राहत महसूस की त्योहार पर अपने परिवार और भाइयों तक पहुंचने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं रोडवेज बसों से सफर करती नजर आईं। तीन दिन चली मुफ्त यात्रा की सुविधा के दौरान बस अड्डों और रोडवेज बसों में महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ दिखाई दी, परंतु महंगाई के दौर में फ्री यात्रा ने महिलाओं के सफर को राहत भरा बना दिया। इस मौके पर जहां हिंदू महिलाएं अपने भाईयों के घर राखी बांधने पहुंची, वहीं किराया फ्री होने से मुस्लिम महिलाओं ने भी इस सुविधा का लाभ उठाया और अपने मायके की यात्रा व अपने आवश्यक कार्य पूर्ण करने के लिए रोडवेज बसों में सफर किया।

# सामूहिक पूजन, यज्ञ एवं हवन के साथ लड्डू गोपाल विग्रह स्थापना समारोह समाप्त


कार्यक्रम में उपस्थित यजमान।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर मे चल रहे तीन दिवसीय भगवान लड्डू गोपाल विग्रह स्थापना समारोह का सामूहिक हवन यज्ञ के साथ समापन हो गया है।।

इस दौरान भगवान लड्डू गोपाल की आकर्षक एवं मनोहारी मूर्ति को मंत्र एवं श्लोक के उच्चारण के बीच स्नान कराते हुए वस्त्र अलंकरण सम्बंधी कार्यक्रम को सामूहिक रूप में संपादित कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक पूजन एवं हवन यज्ञ से किया गया जिसके मुख्य यजमान अधिवक्ता अनिल कुमार शर्मा एडवोकेट तथा उनकी धर्मपत्नी आशा देवी शर्मा के अलावा इंजीनियर अनिल कुमार शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी विमला देवी शर्मा रहे। पूजन एवं हवन यज्ञ पंडित परितोष शास्त्री ने संपादित कराया। सहयोगी पुरोहित की भूमिका पंडित आर्यन दीक्षित व पंडित अकुल कुमार शास्त्री ने प्रदर्शित की। कार्यक्रम की सफलता में तरुण परिषद के अध्यक्ष विवेक शर्मा बिट्टू, महासचिव विवेक शर्मा मोनू, कोषाध्यक्ष विनीत वर्मा का योगदान रहा।

# सड़क पर टूटकर गिरे तार करंट की चपेट में एक घायल

**धामपुर ( चिंगारी )।** रविवार की शाम खारी कुआं स्थित सलूजा गिफ्ट कॉर्नर के निकट बालाजी के मंदिर में लगे पीपल के पेड़ की एक शाखा के बिजली के तारों पर गिर जाने से सड़क पर गिरे तारों के करंट की चपेट में आकर एक व्यक्ति घायल हो गया। घटना से बाजार में ये हड़कंप मच गया और आसपास के दुकानदारों ने लकड़ी का डंडा लेकर तारों को हटाया। कुछ देर बाद तारों की चपेट में आया व्यक्ति लड़खड़ा कर उठा तो व्यापारियों ने उसे रिक्शा में बैठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# सेवानिवृति के बाद भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा जारी रखने की मांग

**धामपुर ( चिंगारी )।** टीएससीटी जिला बिजनौर की ओर से जीवनदान योजना प्रभारी अशोक कुमार व जिला कोषाध्यक्ष दुष्यंत कुमार के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी को शिक्षकों एवं कर्मचारियों की मांगों से संबंधित पत्र सौंपा गया।


भाजपा जिला अध्यक्ष को ज्ञापन देते हुए शिक्षक।

पत्र में कैशलेस चिकित्सा सुविधा के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए सेवानिवृत्ति के बाद भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा जारी रखने तथा शिक्षक के परिजन की मृत्यु होने पर 15 दिन का विशेष अवकाश देने की मांग की गई। इस अवसर पर टीएससीटी की वैचारिक एवं प्रेरणादायी पत्रिका विचार क्रांति भी जिला अध्यक्ष को भेंट की गई। पत्रिका में संस्था के उद्देश्यों, कार्यशैली एवं समाजोपयोगी अभियानों की

## भाजपा जिलाध्यक्ष को शिक्षकों ने दिया ज्ञापन

जानकारी दी गई है। जिला अध्यक्ष ने मांग-पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए मांगों को उचित बताया और हर स्तर पर सहयोग का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि टीएससीटी के कार्यों की उन्हें जानकारी है और संस्था शिक्षकों के साथ-साथ समाज के लिए भी अच्छा कार्य कर रही है। उन्होंने बताया शिक्षकों की मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे। इस दौरान वैभव प्रताप सिंह, भगीरथ सिंह, संजय चौहान, गजेंद्र सिंह, दिग्विजय सिंह, रामराज सिंह, अवनीश चौहान, मदनपाल सिंह, उपेंद्र सिंह, अमित सिसौदिया, मनीष चौहान, शुभम कुमार, अमित चौहान उपस्थित रहे।

# श्री ब्राह्मण सभा समिति पंजीकृत का विवाद गहराया

**धामपुर ( चिंगारी )।** चिट फंड सोसाइटीज मुरादाबाद द्वारा श्री ब्राह्मण सभा समिति (पंजीकृत), धामपुर का दो बार पंजीकरण किए जाने का आरोप लगाते हुए संस्था के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करके जांच किए जाने की मांग की है। श्री ब्राह्मण सभा समिति धामपुर के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद कौशिक एडवोकेट, विनोद कुमार शर्मा, अजय कुमार शर्मा एडवोकेट, अजय शर्मा बालूजा व राकेश चमोली ने मुख्यमंत्री पोर्टल और और चिट फंड सोसायटीज मुरादाबाद के सब रजिस्ट्रार को भेजे ज्ञापन में समिति के पंजीकरण को निरस्त करके वैध समिति का पंजीकरण नियमित किए जाने की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि श्री ब्राह्मण सभा समिति की पंजीकरण संख्या 778 एमबीडी नंबर 9920 थी। इस सभा की पंजीकरण अवधि का कार्यकाल समाप्त हो गया था इसलिए तदर्थ अध्यक्ष के रूप में

## मुख्यमंत्री फोल्डर और सब रजिस्टार को की शिकायत

पूर्व सचिव विभूति कांत शर्मा को नवीनीकरण के लिए अधिकृत किया गया था। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि विभूति कांत शर्मा ने नवीनीकरण न करा के चिट फंड सोसायटीज कार्यालय की मिली भगत से पुरानी समिति के नवीनीकरण के स्थान पर परिवर्तन करके एक नई समिति का पंजीकरण करा लिया जिसकी पंजीकरण संख्या 477 /12 13 के नाम से फाइल संख्या 25 678 में दर्ज है ।

उनका कहना है कि विभूति कांत शर्मा ने इसी के साथ संस्था के बैंक अकाउंट और मोहल्ला सकलान स्थित श्री ब्राह्मण सभा धर्मशाला पर भी अवैध रूप से कब्जा कर लिया और धर्मशाला के पुराने भवन को आंशिक रूप से तुड़वाकर नई पांच दुकानें बनवाने के बाद पिछले दो वर्ष से गैर समुदाय के लोगों को दुकानों पर कब्जा करा दिया।

ज्ञापन में सब रजिस्ट्रार से अवैध फर्जी समिति के पंजीकरण को निरस्त कर मूल संस्था एवं वेद समिति का पंजीकरण नियमित किए जाने की मांग की गई है। उधर, सब रजिस्टार ने सात मई 2026 को ब्राह्मण सभा के अकाउंट और अभिलेखों की जांच करने के लिए दिल्ली की फर्म एसके शिल्पा एंड सन के सीए को जांच किए जाने के आदेश जारी कर दिए हैं।

# दक्ष प्रजापति समिति ने किया मेधावियों को सम्मानित

## राजनीति में हिस्सेदारी सभी तालों की चाबी- धर्मवीर सिंह



**चांदपुर ( चिंगारी )।** महाराजा दक्ष प्रजापति समिति चांदपुर के तत्वावधान में भगवान महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री धर्मवीर सिंह प्रजापति रहे। इस अवसर पर आभा फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमती आभा सिंह ने समिति को एक लाख 51 हजार रूपए का चैक प्रदान किया।

यहां जलीलपुर रोड स्थित सौभाग्य गार्डन में समिति के अध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रजापति की अध्यक्षता एवं देशराज सिंह प्रजापति के संचालन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री धर्मवीर सिंह प्रजापति ने कहा कि प्रजापति समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा, राजनीति और एकता तीनों बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा परिवार और समाज के विकास की सबसे मजबूत नींव है। समाज के प्रत्येक परिवार को अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीति में भागीदारी सभी तालों की चाबी है। समारोह के दौरान 130 मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के राष्ट्रीय महासचिव सुरेश बहादुर प्रजापति, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री महेंद्र सिंह प्रजापति, आभा फाउंडेशन की संस्थापिका एवं वरिष्ठ समाजसेविका आभा सिंह, डॉ. सुशील दक्ष, कविता, वीर सिंह प्रजापति तथा राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के जिलाध्यक्ष पंकज दक्ष आदि ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. सुशील कुमार दक्ष, कविता दक्ष, धीरज प्रजापति, नीरज प्रजापति, लकी एडवोकेट, आर्यन आर्य, कुमारी आराध्या दक्ष, अंकुर, मुकेश, नरेंद्र, धर्मेंद्र, सुशील एवं मनोज आदि का सहयोग रहा।

# दिव्यांगता को मात देकर ताजपुर के आर्यन दुबे ने हासिल की बड़ी उपलब्धि

## यूपी की दिव्यांग टी 20 क्रिकेट टीम में चयन



**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )।** अपने हौसले के दम पर दिव्यांगता को मात देते हुए ताजपुर निवासी दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी आर्यन दुबे ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। आर्यन का चयन उत्तर प्रदेश दिव्यांग टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट टीम में हुआ है। ताजपुर निवासी 19 वर्षीय आर्यन दुबे में बचपन से ही क्रिकेट के प्रति खासा जुनून है। एक हाथ होने पर वह दाएं हाथ से ही क्रिकेट खेलता है। दिव्यांग होने के बावजूद उसने हिम्मत नहीं हारी और लगातार अभ्यास करते हुए अपनी प्रतिभा को निखारा। शाहजहांपुर में ट्रायल देने पर उत्तर प्रदेश दिव्यांग टीम में चयन हुआ। मेहनत और लगन के बल पर उसने प्रदेश स्तर की दिव्यांग टी 20 टीम में स्थान बनाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। टी 20 टूर्नामेंट 31 अगस्त आज कानपुर में होगा। आर्यन उसमें प्रतिभाग करेगा। आर्यन के चयन की जानकारी मिलते ही उनके घर पर बधाई देने वालों का सिलसिला शुरू हो गया। आर्यन का बचपन में अपने पिता के तेल निकालने के सेलर पर हाथ कट गया था।

## सूचना आम

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक बलीराम उर्फ विनोद कुमार पुत्र स्व. श्री धनीराम नि. कस्बा किरतपुर, जिला बिजनौर के वारिसान श्रीमती कुसुम लता गोयल पत्नी एवं पुत्रगण अनुराग गोयल व अंकित गोयल के विरूद्ध इजराय वाद सं. 51/2025 न्यायालय सिविल जज सी.डि. बिजनौर में विचाराधीन है, जिसमें बलीराम उर्फ विनोद कुमार द्वारा छोड़ी गई सम्पत्ति खसरा नं. 1112, 1113, 1115, 1116, 1131, 981, 1104, 1147, 1149 को मा. न्यायालय द्वारा दिनांक 27.11.2025 को कुर्क किया गया है तथा आराजी खसरा नं. 981 जिसके पूरब में सम्पत्ति सड़क, पश्चिम में आराजी 979, उत्तर में खसरा नं. 980 राजकुमार आदि व दक्षिण में आराजी खसरा नं. 970 कोल्ड स्टोर विपिन कुमार आदि को नीलाम कराये जाने हेतु कार्यवाही विचाराधीन है। अत: कोई भी व्यक्ति बलीराम उर्फ विनोद कुमार के वारिसान से कुर्क सम्पत्ति न खरीदे।

**विजय पाटिल पुत्र श्री आकाराम पाटिल**
**नि. सदर सर्राफा बाजार बिजनौर।**

TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP




APPLY FOR VACANCY

- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007

# वर्धमान एकेडमी ने जीता अंडर-16 क्रिकेट का खिताब

## फाइनल में बिजनौर-ए को 51 रन से हराया, अभि तोमर बने प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में वर्धमान क्रिकेट एकेडमी बिजनौर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बिजनौर-ए की टीम को 51 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया।

फाइनल मुकाबले में वर्धमान क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में एक विकेट खोकर 88 रन बनाए। उत्कर्ष शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 65 रन बनाए, जबकि प्रलभ शांतनु ने 22 रन का योगदान दिया।
बिजनौर-ए की ओर से गेंदबाजी करते हुए वेदांश ने एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिजनौर-ए की टीम वर्धमान के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और 9.1 ओवर में सभी विकेट गंवाकर महज 37 रन पर सिमट गई। टीम की ओर से समर्थ ने सर्वाधिक 10 रन बनाए। वर्धमान क्रिकेट एकेडमी की ओर से गेंदबाजी में अभि तोमर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो ओवर में महज दो रन देकर पांच विकेट झटके। मौर्य और लव ने भी एक-एक विकेट हासिल किया। शानदार गेंदबाजी के लिए अभि तोमर को प्लेयर ऑफ द मैच के साथ-साथ प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी दिया गया।

मैच में अंपायर की भूमिका विनीत सिंह और हिमांशु ने निभाई, जबकि अक्ष स्कोरर रहे।
प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर टूर्नामेंट आयोजक नागेंद्र कुमार, दीपक भटनागर, विकास सेतिया, वर्धमान टीम के कोच मोहम्मद मोहसिन सहित अन्य खेलप्रेमी मौजूद रहे।

# व्यापारी एकता परिषद ने फूंका महंगाई का पुतला



## बाजार बंद का आह्वान रहा बेअसर



**बिजनौर ( चिंगारी )।** बढ़ती महंगाई के विरोध में व्यापारी एकता परिषद युवा मोर्चा के आह्वान पर आज सुबह अनेक व्यापारी एवं संगठन के पदाधिकारी नगर पालिका चौक पर एकत्र हुए। इस दौरान व्यापारियों ने बढ़ती महंगाई के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए महंगाई का पुतला फूंका। बाजार बंद का आह्वान पूरी तरह बेअसर रहा।

परिषद के पदाधिकारी नारेबाजी करते हुए नगर पालिका चौक से पैदल मार्च कर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, वहां उन्होंने प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी जसजीत कौर को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि लगातार बढ़ती महंगाई का सीधा असर व्यापारियों और आम जनता पर पड़ रहा है। संगठन ने मांग की कि बढ़ती महंगाई पर तत्काल अंकुश लगाया जाए, गैस, पेट्रोल और डीजल के दामों को कम किया जाए तथा बिजली के बिलों में लगाए जा रहे अतिरिक्त चार्ज/सरचार्ज को कम किया जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से विजय मोहन गुप्ता युवा जिला अध्यक्ष, राहुल वर्मा प्रदेश अध्यक्ष, शमशाद अंसारी प्रदेश उपाध्यक्ष, मोहम्मद काशिफ मंडल प्रभारी, मुरादाबाद, मोहम्मद अजहर मंडल उपाध्यक्ष, राजीव कुमार जिला मंत्री, प्रशांत चौधरी, यश अग्रवाल, अंतरिक्ष कौशिक, अंशुल कुमार, विपिन कुमार, धर्म सिंह, राजकुमार, रानू ठाकुर, मोहम्मद जायद, मोहम्मद सादिक आदि शामिल रहे।

## 8 साल पहले चोरी हुई बाइक सहित गिरफ्तार




**शेरकोट ( चिंगारी )।** शेरकोट पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति को आठ साल पूर्व चोरी हुई मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार रविवार को उपनिरीक्षक ललित कुमार पुलिसकर्मियों के साथ ग्राम घोसियावाला कट के पास संदिग्ध वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। इस बीच उन्हें मुखबिर से एक व्यक्ति के चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आने की सूचना मिली। इस दौरान पुलिस द्वारा एक बाइक सवार को रोककर बाइक के कागज़ात मांगे गए तो वह संतोष जनक उत्तर नहीं दे पाया। पुलिस द्वारा गहनतापूर्वक जांच किये जाने पर पता उक्त बाइक 2018 में जनपद गाजियाबाद के थाना मंसूरी क्षेत्र से चोरी हुई थी तथा वहां बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज है। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने बताया कि मोटरसाइकिल सहित पकड़े गए छुट्टन पुत्र नफीस अहमद निवासी ग्राम मुबारकपुर टप्पा शेरकोट ने पूछताछ में बताया कि ये बाइक उसने चार साल पहले गाजियाबाद के एक अनजान व्यक्ति से 35000 रूपए में खरीदी थी। बेचने वाले व्यक्ति ने बाइक चोरी की होने की बात बताकर बेची थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि छुट्टन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया गया है और मामले की गहनतापूर्वक जांच की जा रही है।


**कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी–खारी झालू (बिजनौर)**

पत्रांक 72 / बा0वि0परि0 / जर्जर भवन नीलामी / 2026–27 / दिनांक 31–08–2026

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिलाधिकारी महोदया के आदेशानुसार विकास क्षेत्र हल्दौर के अन्तर्गत बाल विकास परियोजना खारी झालू में संचालित आंगनबाडी केन्द्र सदुपुरा (विद्यालय परिसर) एवं लडापुरा (अन्य स्थल) स्थित जर्जर / जीर्ण–शीर्ण मूल भवन की नीलामी दिनांक 08–सितम्बर–2026 दिन मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे से खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय हल्दौर के सभाकक्ष में की जायेगी। नीलामी की शर्ते तथा नीलाम किये जाने वाले भवन की सूची कार्यालय सूचना पट पर चस्पा है। नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति समय पर पहुंच कर नीलामी में प्रतिभाग कर सकते हैं।

बाल विकास परियोजना अधिकारी

खारी झालू(बिजनौर)


## क्वाड व इनलाइन स्केटिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन





**बिजनौर ( चिंगारी )।** नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम, बिजनौर में रविवार को प्रथम जिला स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता–2026 का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिलेभर से पहुंचे सब–जूनियर (अंडर–13) और जूनियर (अंडर–17) वर्ग के बालक–बालिकाओं ने क्वाड और इनलाइन स्केटिंग स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल, प्रमाण–पत्र और नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। प्रत्येक स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 700 रुपये, द्वितीय स्थान पर 600 रुपये और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 500 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जिले में स्केटिंग का खेल तेजी से आगे बढ़ रहा है। खिलाड़ियों को दिया जा रहा नकद प्रोत्साहन उनकी प्रतिस्पर्धात्मक भावना और खेल के प्रति लगन को मजबूत करेगा।

क्वाड स्केट्स के परिणाम: बालक अंडर–13 में अर्णव अधिरन ने स्वर्ण, अंगद भटनागर ने रजत और आरव वर्मा ने कांस्य पदक जीता। बालक अंडर–17 में उदित सिंह प्रथम, शौर्य द्वितीय और विदित तृतीय रहे। बालिका अंडर–13 में वाणी शर्मा ने स्वर्ण, युवांशी सिंह ने रजत और अंगना ने कांस्य पदक हासिल किया। बालिका अंडर–17 में मान्या ने स्वर्ण, वैष्णवी ने रजत और शरीफा ने कांस्य पदक जीता। **इनलाइन स्केट्स के परिणाम:** बालक अंडर–13 में विहान पूनिया ने स्वर्ण, आरव कुमार ने रजत और अनिक कुमार ने कांस्य पदक प्राप्त किया। बालक अंडर–17 में स्वस्तिक राणा प्रथम, आदर्श ककरान द्वितीय और रिशित गंभीर तृतीय रहे। बालिका अंडर–13 में ध्वनि अग्रवाल ने स्वर्ण, आरना हयारण ने रजत और देविका ने कांस्य पदक जीता। बालिका अंडर–17 में दिविज्या पूनिया ने कांस्य पदक प्राप्त किया। कार्यक्रम का मंच संचालन राजेंद्र सोलंकी ने किया। इस अवसर पर कनिष्ठ सहायक हिमांशु, स्केटिंग कोच शुभम तोमर, हॉकी कोच चित्रा चौहान, वेटलिफ्टिंग कोच विशाल, खो–खो कोच जितेंद्र कुमार, विशु राणा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी आकृति, शालिनी, सारिका सहित खेल प्रेमी, अभिभावक और खेल विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। स्केटिंग कोच शुभम तोमर ने अतिथियों, सहयोगियों और खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया।

# राजारामपुर के प्राथमिक विद्यालय में जलभराव से लटका ताला

### राहूखेड़ी कोरा उर्फ राजारामपुर के आजादनगर में बीमारी का खतरा



नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश सरकार भले ही प्राथमिक शिक्षा व स्वच्छता को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम राहूखेड़ी कोरा उर्फ राजारामपुर में बारिश के बाद जलभराव के चलते प्राथमिक विद्यालय पर ताला लटक गया है, जिससे मासूम बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह ठप हो गई है। वहीं दूसरी ओर मुख्य मार्गों पर लगे कूड़े के अंबार व जलभराव ने स्थानीय नागरिकों का जीना मुहाल कर दिया है। पिछले दिनों हुई बारिश के कारण विद्यालय परिसर व मुख्य रास्तों पर भारी जलभराव हो गया है, जिससे स्कूल के मेन गेट पर ताला लगाना पड़ा है। कई सप्ताह से क्षेत्र में भरे गंदे पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे बच्चों व ग्रामीणों पर गंभीर बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। सूत्रों की मानें तो पिछले वर्ष भी स्कूल में जलभराव के कारण मजबूरी में गांव के पंचायत कार्यालय में कक्षाएं चलानी पड़ी थीं? लेकिन इसके बावजूद भी समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया है आजाद चौक के समीप मुख्य मार्ग पर बने कूड़ाघर व सड़ते कचरे के कारण आजादनगर में भयंकर बदबू व संक्रामक रोगों का खतरा पैदा हो गया है। जिस कारण लोगों का उधर से गुजरना काफी मुश्किल हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों व अभिभावकों ने प्रशासन से इस गंभीर मामले का समाधान कराने की मांग की है। ताकि बच्चों की शिक्षा सुचारू रूप से शुरू हो सके। इसके साथ ही मुख्य मार्गों पर फैले कूड़े के ढेरों को हटवाकर इलाके में विशेष सफाई अभियान चलाया जाने व जल भराव की समस्या कराने की मांग की गई है।

# कछियाना में पशु का कटा सिर व अवशेष मिलने से हड़कंप मचा

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर क्षेत्र से लगे मौअज्जमपुर तुलसी गढ़ी उर्फ कछियाना में सोमवार को सुबह एक स्थान पर जंगल में एक पशु का कटा सिर व अवशेष मिलने से थाना पुलिस में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस

**अवशेष गाय के या भैंस के पुलिस जांच में जुटी**



पशु के अवशेष एकत्र करती पुलिस टीम।

ने मौके पर पहुंचकर अवशेष को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। कछियाना में जंगल में पेड़ों के बीच एक स्थान पर एक पशु का सिर व अवशेष पड़े मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पशु का सिर व अन्य अवशेष एकत्र कर एक कपड़े में लपेटकर मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के कुछ लोगों ने यह गोकशी की घटना बताई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही सच्चाई सामने आएगी। गोकशी की घटना पाई गई तो मुकदमा दर्ज कर आरोपियों का पता लगाकर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## दक्ष प्रजापति शिक्षा समिति समाज के मेधावी बच्चों को करेंगी सम्मानित

नजीबाबाद (चिंगारी)। दक्ष प्रजापति शिक्षा समिति पंजीकृत जनपद बिजनौर के तत्वाधान में 6 सितम्बर को प्रातः नौ बजे से नजीबाबाद के कोटद्वार मार्ग मंडी समिति के समीप स्थित सुरेश ग्रैंड पैलेस में 27 वें अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मुख्य संरक्षक नन्दराम चक्रवती व कोषाध्यक्ष श्रीमती सुशीला चक्रवर्ती ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में समाज के हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, स्नातकोत्तर, आईटीआई बीटेक, पॉलिटेक्निक, एमटेक, बीसीए, एमसीए, एमबीए, मेडिकल डिग्री, बीएड, एमएड में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में सम्मान पाने वाले विद्यार्थी अपनी मार्कशीट की छायाप्रति 3 सितम्बर तक समिति के पदाधिकारियों को दे सकते है।

## गायत्री शक्तिपीठ पर 'आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी' विषय पर कार्यशाला आयोजित

नजीबाबाद (चिंगारी)। गायत्री शक्तिपीठ नजीबाबाद में आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। ब्रह्मवादिनी बहनों की टोली ने भव्य दीपयज्ञ किया। गायत्री शक्तिपीठ व्यवस्थापक डॉ0 दीपक कुमार ने कहा कि वीर अभिमन्यु चक्रव्यूह तोडना माँ के पेट में ही सीख गया था। अर्जुन सुभद्रा को चक्रव्यूह भेदना सिखा रहे थे, अन्तिम द्वार तोड़ने का वर्णन किया तो सुभद्रा को नींद आ गयी और अभिमन्यु भी अन्तिम द्वार नहीं तोड़ पाया व मारा गया। डॉ. दीपक कुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वर्णित षोडश संस्कारों में प्रथम संस्कार पुंसवन संस्कार हैं। जो तीन से चार माह की गर्भवती महिलाओं का किया जाता है। डाक्टर भी बताते हैं कि बच्चे का निर्माण माँ के पेट में ही शुरू हो जाता है। ऐसी स्थिति में माँ जो सोचती है बच्चा सोचता है माँ जो देखती है बच्चा देखता है। माँ रोती है तो बच्चा रोता है, माँ हँसती है तो बच्चा हँसता है। माँ के प्रत्येक क्रियाकलाप का प्रभाव गर्भस्थ शिशु पर पड़ता है। आओ गढ़े संस्कारवान पीढ़ी कार्यक्रम शांतिकुंज द्वारा संचालित है। जिसमें गायत्री परिवार के कार्यकर्ता निःशुल्क ऐसे परिवारो मे गायत्री यज्ञ अथवा दीप यज्ञ कर गर्भस्थ महिला को बताते हैं कि माँ का पद महिला के लिए दुनिया का सबसे बड़ा पद है। इसीलिए माँ शिशु की प्रथम गुरु होती है। गर्भस्थ महिला को एक सन्यासिनी की तरह उच्च विचारों से ओतप्रोत आशावादी जीवन जीना चाहिए। घर में देवी-देवताओं व महापुरुषों के चित्र देखने चाहिए। रामायण व भागवत का पाठ करना चाहिए। गायत्री मंत्र का महामृत्युंजय मंत्र का अधिक से अधिक जप करना चाहिए। पति, सास, ससुर को परिवार में ऐसी परिस्थितियां विनिर्मित करनी चाहिए ताकि महिला दुःखी न हो। महिला को मोबाइल अथवा टीवी अधिक नहीं देखना चाहिए। श्रीमती लीना सिंघल ने गायत्री माता की आरती की। सुमन वर्मा, विभा माहेश्वरी, मृदुला चौहान, कामेश शर्मा, पुष्पा शर्मा, प्रभा राजपूत, सत्यपाल, निशान्त आदि ने दीप यज्ञ में भाग लिया। नेपाल में आयी बाढ आपदा मे मृतकों की शांति के लिए मौन रखकर प्रार्थना की।



## भाजपा नेता ने युवक पर पिस्टल के साथ फोटो लोड कर डराने का आरोप लगाया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के गोविंद नगर कॉलोनी निवासी भाजपा नेता शोभित मित्तल पुत्र सत्यप्रकाश मित्तल ने पुलिस अधीक्षक बिजनौर को भेजे पत्र में कहा है कि उनका 21 जुलाई 2026 को उनके सीकेआई चैराहे के समीप प्रतिष्ठान के सामने गाड़ी खड़ी करने को लेकर आशीष से विवाद हो गया था। जिसमें आशीष, उदय व हर्षद्र ने उनके व उनके पिता के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। उल्टे आशीष ने उनके खिलाफ झूठी रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। बाद में एसपी के आदेश पर पुलिस ने उनकी भी उक्त लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। इसके बाद से उन्हें उक्त आरोपियों से जान का खतरा बना हुआ है। आरोप है कि आदर्शनगर नजीबाबाद निवासी उदय ने अपने सोशल मीडिया फेसबुक पर एक पिस्टल के साथ अपनी एक फोटो लोगों में डर का माहौल पैदा करने के लिए पोस्ट की है। जिससे शहर के लोगों में डर का माहौल बना हुआ है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कराने की मांग की। जिससे लोगों में इसके द्वारा बना भय दूर हो सके। समाज में कानून व्यवस्था दुरुस्त होने से पुलिस की छवि भी सुधर सके एवं समाज में लायन आर्डर बना रहे।



## शिक्षक तनवीर अहमद विद्यासागर (विशेष) मानद सम्मान से अलंकृत

नजीबाबाद (चिंगारी)। हरिद्वार रोड अदब सिटी कॉलोनी निवासी शिक्षक डॉ. तनवीर अहमद को काशी हिन्दी विद्यापीठ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) द्वारा विद्यासागर (डीलिट समतुल्य) मानद उपाधि देकर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हे शिक्षा व समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए प्रदान किया गया। उत्तराखंड की पावन धरती में विश्व विख्यात अवधूत मण्डल आश्रम, शंकर आश्रम चौक, हरिद्वार में आयोजित दिव्य गंगा सेवा महोत्सव 2026 में डॉ. तनवीर अहमद को विद्यासागर विशेष मानद सम्मान से अलंकृत किया गया। समारोह में सितारगंज के वरिष्ठ साहित्यकार व प्रिन्सिपल डॉ. चन्द्र लोहनी, कोटद्वार से प्रधानाध्यापिका डॉ. सुनीता डंडरियाल, नजीबाबाद से शिक्षिका डॉ. चित्रा राजपूत एवं उनके पति डॉ. अनुराग राजपूत, अल्मोडा से प्रधानाचार्य डॉ. कान्ता कुमार भट्ट, डॉ. श्रीमती लक्ष्मी चौहान, डॉ. शोभा तिवाडी, डॉ. श्रीमती रश्मि पोखरियाल आदि को भी मानद उपाधि देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक तनवीर अहमद को उनकी अच्छी सेवा के लिए पहले भी कई उपाधि से नवाजा जा चुका है।

## ईशा राजपूत को मिली पीएचडी की उपाधि



**मंडावर (चिंगारी)।** मानव रचना यूनिवर्सिटी से ईशा राजपूत ने पीएचडी (डॉक्टरेट) की उपाधि प्राप्त की है। ईशा राजपूत वर्तमान में एबीईएस इंजीनियरिंग कॉलेज कार्यरत हैं। पीएचडी की उपाधि हासिल करना उनके कठिन परिश्रम, प्रतिभा, लगन और निरंतर समर्पण का गौरवपूर्ण परिणाम माना जा रहा है। उनकी उपलब्धि से परिवार, समाज एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ईशा राजपूत राकेश कुमार निवासी रहमापुर की सुपुत्री, डॉ. रमेश चन्द्र निवासी शहबाजपुर की पुत्रवधू एवं रंदीप सिंह की पत्नी हैं।

## पेड़ से लटके मिले युवक की अभी शिनाख्त नहीं हुई



**कोटद्वार। सिद्धबली मंदिर व गेस्ट हाउस के बीच रविवार को पेड़ परलटके मिले युवक की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। लगभग 28 वर्षीय युवक की जेब से ?100 की नगदी व बैग मिला है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक शशि भूषण जोशी ने बताया कि रविवार को सिद्धबली मंदिर के निकट पेड़ से लटके के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल के पास से किसी तरह का कोई प्रमाण या पहचान पत्र भी नहीं मिला है।**

# यातायात पुलिस का जारी है अभियान, बिना हेलमेट 105 और तीन सवारी के 37 चालान

## चार वाहन सीज

**बिजनौर ( चिंगारी )।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस ने रविवार को शहर के प्रमुख चौराहों और संवेदनशील मार्गों पर सघन चैकिंग अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान काली फिल्म, मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, हूटर, बिना हेलमेट और तीन सवारी वाले वाहनों पर विशेष नजर रखी गई। रविवार को यातायात प्रभारी रवि के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। चैकिंग के दौरान काली फिल्म लगे दो वाहनों के चालान किए गए। तेज आवाज और सड़क पर पटाखे जैसी आवाज करने वाले 19 मॉडिफाइड साइलेंसर वाले वाहनों पर कार्रवाई की गई। इनमें पांच बुलेट मोटरसाइकिलों के साइलेंसर मौके पर उतरवाकर यातायात कार्यालय में जमा कराए गए। तीन सवारी बैठाकर चलने वाले 37 वाहनों और बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 105 चालकों के चालान किए गए। आम राहगीरों को परेशान करने और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले प्रेशर हॉर्न व हूटर लगे सात वाहनों के खिलाफ भी चालान की कार्रवाई की गई। आवश्यक दस्तावेज नहीं होने और यातायात नियमों के गंभीर उल्लंघन पर चार वाहनों को मौके पर ही सीज कर दिया गया।



### 481 वाहनों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई

यातायात पुलिस के अनुसार जिले में कुल 481 वाहनों के खिलाफ प्रवर्तन कार्रवाई की गई। पुलिस ने वाहन चालकों से हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने तथा वाहनों में अवैध मॉडिफिकेशन नहीं कराने की अपील की है। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# महासंघ की मजबूती के साथ सामाजिक जागरूकता बढ़ाने पर जोर

## कोर कमेटी की बैठक में सामाजिक मुद्दों पर मंथन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति जनजाग्रति महासंघ की कोर कमेटी की बैठक रविदास नगर स्थित रविदास मंदिर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य जयराम सिंह ने की, जबकि संचालन जिला प्रवक्ता चंद्रहास सिंह ने किया। बैठक में महासंघ की मजबूती और विभिन्न सामाजिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि महासंघ ने दो बार भारत बंद के आह्वान को सहजता और मजबूती के साथ सफल बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक जनजागृति के लिए समाज के बीच लगातार रहकर संवाद स्थापित करना आवश्यक है। इसके साथ ही महासंघ को और अधिक मजबूत बनाने तथा समाज के हित से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने पर जोर दिया गया। बैठक में कोर कमेटी प्रभारी तेजपाल, मंडलाध्यक्ष जितेंद्र के.राव, मंडल कोषाध्यक्ष डॉ. रामकुमार सिंह, कोर कमेटी के वरिष्ठ सदस्य धर्मवीर सिंह, डॉ. जितेंद्र कुमार, उमेश कुमार, चंदू सिंह, बृजेश कुमार, धर्मपाल सिंह, विक्की हल्दुवा, परवेंद्र रायसेन, जिलाध्यक्ष योगेंद्र कुमार, जिला महामंत्री ओमप्रकाश सिंह, सहकोषाध्यक्ष देवेंद्र कुमार, सुदेश चंद्रयाल, केवल सिंह, गोविंद सिंह आदि मौजूद रहे।

# कपड़ों के गोदाम में आग लगी

**धामपुर ( चिंगारी )।** पुराना धामपुर इलाके में आज दोपहर बीड़ी की चिंगारी से कपड़ों के गोदाम में अचानक भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, जिससे बड़ा हादसा टल गया।



जानकारी के अनुसार शेरकोट के मोहल्ला हाकिमान निवासी इंतखाब आलम ने पुराना धामपुर क्षेत्र में पानी की टंकी के पास कपड़ों का गोदाम बना रखा है। गोदाम के पीछे की ओर बेसमेंटनुमा स्थान में रेडीमेड कपड़ों की खाली पन्नियां, पैकिंग सामग्री और अन्य सामान रखा हुआ था। बताया गया कि दोपहर के समय एक मजदूर वहां खाली पन्नियों को एकत्र कर रहा था। इसी दौरान उसके द्वारा पी गई बीड़ी पन्नियों में जा गिरी और देखते ही देखते उनमें आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। गोदाम से उठती आग की लपटें देखकर आसपास के लोगों में भी अफरा-तफरी मच गई। गोदाम मालिक इंतखाब आलम के अनुसार आग से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि आग जिस स्थान पर लगी थी, वहां कपड़ों की पैकिंग और अन्य सामान मौजूद होने के कारण स्थिति गंभीर हो सकती थी। समय रहते दमकल विभाग के पहुंचने से आग को आगे फैलने से रोक लिया गया।

# 13 दिन से धरने पर हैं किसान



समर्थन-पत्र सौंपते हुए भाकियू सामाजिक के राष्ट्रीय सचिव ज्ञान सिंह प्रजापति।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का धरना आज 13वें दिन भी जारी रहा। इतने दिनों से किसान लगातार धरने पर बैठे है, लेकिन गन्ना विभाग उनकी मांग पर चुप्पी साधे हुए है। संगठन के प्रदेश महासचिव कैलाश लाम्बा का कहना है कि किसान अपने ब्याज का हिसाब मांग रहे हैं, लेकिन गन्ना विभाग हिसाब देने को तैयार नहीं है। धरने पर बैठे किसानों का मच्छर खून चूस रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन सामाजिक के राष्ट्रीय सचिव ज्ञानचंद प्रजापति ने किसानों का समर्थन करते हुए कहा कि शोषण नहीं होने दिया जायेगा। जिलाध्यक्ष विनोद कुमार बिट्टू ने कहा कि जब अधिकारी ब्याज का विवरण नहीं दे सकते, तो इनके खिलाफ एफआईआर होनी चाहिए। धरनास्थल पर गोविन्द, रोहित राठी, विरेन्द्र सिंह, लोकेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह, राहुल चौधरी, मुकुल कुमार, आनंद पाल सिंह, संजीव कुमार, रमेश प्रधान जी आदि मौजूद रहे।

# प्रेमी के घर में रहने की जिद पर अड़ी शादीशुदा प्रेमिका

**बिजनौर ( चिंगारी )। थाना शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शनिवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब शादीशुदा महिला अपने प्रेमी के घर पहुंच गई और उसके साथ रहने की जिद करने लगी। प्रेमी की गैरमौजूदगी में महिला के घर पहुंचने से ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। घंटों चले हंगामे के बाद पुलिस ने महिला को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।**

गांव निवासी युवक और महिला के बीच करीब दो साल से प्रेम संबंध हैं। दोनों के संबंधों की जानकारी होने के बाद महिला के परिजनों ने उसका विवाह दूसरी जगह कर दिया था। आरोप है कि शादी के बाद भी दोनों के बीच फोन पर लगातार बातचीत होती रही। शनिवार को महिला अपने प्रेमी के घर पहुंच गई। प्रेमी पिछले कुछ समय से कश्मीर में रहकर मजदूरी कर रहा है। महिला ने घर में मौजूद प्रेमी के परिजनों से दरवाजा खुलवाया और उनके साथ रहने की जिद करने लगी। मामला बढ़ने पर महिला के परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों ने उसे अपने साथ ले जाने का प्रयास किया, लेकिन महिला ने खुद को घर के अंदर बंद कर लिया और प्रेमी के साथ रहने की बात पर अड़ी रही। हंगामे की सूचना पर गांव के लोग भी मौके पर जमा हो गये। काफी देर तक चले घटनाक्रम के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा खुलवाकर महिला को बाहर निकाला। इसके बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

# इंडियन जनसेवा दल की तैयारी, सत्ता में चाहिए हिस्सेदारी






## हम टिकट लेने वाले नहीं, टिकट देने वाले बनेंगे- विनेश ठाकुर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रविवार को नगर के एक बैंकट हॉल में इंडियन जनसेवा दल के तत्वावधान में सामाजिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक एकजुटता के साथ राजनीतिक भागीदारी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। वक्ताओं ने कहा कि अति पिछड़े समाज अब केवल चुनाव में वोट देने तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि अपनी जनसंख्या के अनुपात में सत्ता और राजनीतिक संस्थाओं में हिस्सेदारी सुनिश्चित करने के लिए संगठित होकर संघर्ष करेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता इंडियन जनसेवा दल के राष्ट्रीय सचिव नेम सिंह बौद्ध ने की, जबकि संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता मंजेश ठाकुर ने किया। समारोह में नंद, कश्यप, पाल, प्रजापति, सैनी, कुर्मी, धोबी, लोहार, धीमर समेत विभिन्न अति पिछड़े और वंचित समाजों को एक मंच पर आने का आह्वान किया गया।

इंडियन जनसेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनेश ठाकुर कर्पूरी ने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दल पीडीए और 'सबका साथ, सबका विकास' जैसे नारे देते रहे हैं, लेकिन लंबे समय से वंचित समाजों को उनकी आबादी के अनुपात में राजनीतिक हिस्सेदारी नहीं मिली। उन्होंने कहा कि सैन सविता-नंद समाज की राजनीतिक भागीदारी बेहद कम रही है और आजादी के बाद से अब तक इस समाज का एक भी विधायक नहीं बन पाया है। उन्होंने कहा कि अब समाज को अपनी राजनीतिक ताकत पहचाननी होगी। समाज केवल चुनाव के समय वोट देने वाला नहीं रहेगा, बल्कि 'टिकट लेने वाला नहीं, टिकट देने वाला' बनेगा।

## बिजनौर में हुए सामाजिक सम्मान समारोह में उमड़े सैन सविता-नंद समाज के लोग

विनेश ठाकुर कर्पूरी ने कहा कि यदि किसी समाज की आबादी और राजनीतिक ताकत अधिक है तो विधानसभा में उसका प्रतिनिधित्व भी उसी अनुपात में होना चाहिए। 90 प्रतिशत आबादी पर 10 प्रतिशत लोगों का शासन अब स्वीकार नहीं किया जाएगा। आने वाला समय सैन सविता-नंद, अति पिछड़े और अति दलित समाज का है।

सामाजिक न्याय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कश्यप ने कहा कि कश्यप समाज समेत सभी अति पिछड़े समाजों को एकजुट होकर राजनीतिक हिस्सेदारी की लड़ाई लड़नी होगी। सामाजिक न्याय पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश कुमार तुरैहा ने कहा कि अब समाजों को अपनी-अपनी जातियों को 'जमात' में बदलकर सत्ता में हिस्सेदारी हासिल करनी होगी।

### 2027 के लिए संगठन मजबूत करने पर जोर

सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में अति पिछड़े और वंचित समाजों की राजनीतिक भूमिका निर्णायक हो सकती है। इसके लिए अभी से गांव-गांव और क्षेत्रवार संगठन को मजबूत करने, समाज के लोगों को राजनीतिक रूप से जागरूक करने तथा विभिन्न समाजों के बीच आपसी समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में इंडियन जनसेवा दल के राष्ट्रीय सचिव नेम सिंह बौद्ध, राष्ट्रीय महासचिव मनोज कुमार वर्मा, मंडल अध्यक्ष बिजनौर एडवोकेट योगेश ठाकुर तथा मुरादाबाद मंडल के मंडल प्रभारी मोहित ठाकुर समेत विभिन्न पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## दानिश अख्तर आये शेरकोट सपाई बनायेंगे स्नातक वोट

**शेरकोट ( चिंगारी )।** रविवार की दोपहर सपा के एमएलसी प्रत्याशी हाजी दानिश अख्तर समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन शेख कमरूल इस्लाम के आवास पर पहुंचे। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा शेख कमरूल इस्लाम के नेतृत्व में फूलमालाओं से उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक नईमुल हसन, शेख कमरूल इस्लाम, सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अदनान राईन, जिला महासचिव धनंजय यादव आदि ने एमएलसी चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए अधिक से अधिक स्नातकों के नये मत बनवाने तथा चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आह्वान किया। हाजी दानिश अख्तर ने उपस्थित सपा कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि शिक्षा व शिक्षकों से जुड़े मुद्दों और समस्याओं को उठाना और उनका समाधान करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष बीके कश्यप, नगर अध्यक्ष बरकत अब्बासी, सतपाल सिंह, नाजिम मलिक, तसलीम घोसी, इमरान नवाज, जिया अहमद सेटू, शेख शुऐब, शेख नजरूल इस्लाम आदि उपस्थित रहे।

## हाथी के बच्चे का शव मिलने से वन विभाग में हड़कम्प



**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** नजीबाबाद डिवीजन की साहूवाला रेंज में एक डेढ़ वर्षीय हाथी का शव मिलने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में डीएफओ नजीबाबाद ने रेंज में पहुंचकर मौके मुआयना किया। तत्पश्चात पशु चिकित्सकों के पैनल द्वारा हाथी के शव का पोस्टमॉर्टम किए जाने के बाद शव को दफना दिया गया है।

बताया जाता है कि रविवार को गश्त के दौरान साहुवाला वन विभाग की टीम को रेंज के कंपार्ट संख्या 10 शाहनगर कुराली में एक हाथी के बच्चे का शव पड़ा हुआ मिला था। टीम द्वारा इसकी सूचना रेंज कार्यालय को दी गई, इसके बाद सूचना उच्च अधिकारियों को दी गई। सूचना मिलते ही आनन-फानन में डीएफओ नजीबाबाद पृथ्वीराज केएस मौके पर पहुंचे और शव का निरीक्षण किया। इसके पश्चात पशु चिकित्सकों के पैनल द्वारा हाथी के बच्चे के शव का पोस्टमार्टम कर उसे दफना दिया गया है। इस संबंध में साहूवाला रेंज के रेंजर रामवृक्ष यादव द्वारा बताया गया कि गश्त के दौरान टीम को कंपार्ट संख्या 10 में एक डेढ़ वर्षीय मादा हाथी का शव पड़ा हुआ मिला था। शव का पोस्टमार्टम करा दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हाथी के बच्चे की मृत्यु के कारणों का पता चल पाएगा।

## कोर्ट चालान के नाम पर भेजे जा रहे फ़र्ज़ी संदेश से सावधान

### लिंक खोलने से बचने की अपील

**बिजनौर ( चिंगारी )।** साइबर ठग अब वाहन चालान के नाम पर लोगों को निशाना बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इसी तरह का एक संदेश सलमान नामक एक व्यक्ति के व्हाट्सएप नंबर से उसके संपर्क में जुड़े लोगों को भेजा गया। नंबर हैक होने की जानकारी मिलने के बाद संबंधित व्यक्ति ने साथियों से संदेश का जवाब नहीं देने की अपील की है। भेजे जा रहे संदेश में दावा किया जा रहा है कि वाहन पर आरटीओ कोर्ट चालान जारी हुआ है और समय पर भुगतान नहीं करने पर अतिरिक्त जुर्माना, वाहन सीज करने या आरसी निलंबित करने जैसी कार्रवाई हो सकती है। संदेश में चालान की जानकारी जांचने के लिए लिंक दिए जाने की बात भी कही गई है। नंबर धारक के अनुसार उसका व्हाट्सएप नंबर हैक कर लिया गया है और उसके जानने वालों को इस तरह के संदेश भेजे जा रहे हैं। उसने लोगों से अपील की है कि संदेश का जवाब न दें और उसमें दिए किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। जानकारों के अनुसार वाहन चालान की वास्तविक स्थिति जानने के लिए केवल अधिकृत सरकारी माध्यम का ही इस्तेमाल करना चाहिए। किसी अनजान लिंक पर वाहन संबंधी जानकारी, बैंक विवरण, ओटीपी या अन्य निजी जानकारी साझा करने से बचना चाहिए।

# टस्कर हाथी ने मचाया उत्पात, तोड़ डाली क्रेटा कार

## चालक ने कार से कूदकर जान बचाई

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** रविवार/सोमवार की रात्रि रेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम किरतपुर में टस्कर हाथी ने जमकर उत्पात मचाते हुए एक क्रेटा कार पर हमला कर दिया, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। जबकि चालक ने किसी तरह कार से कूदकर अपनी जान बचाई।

रेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम निवासी किसान प्रमोद कुमार पुत्र हरनंदन सिंह रात करीब 11 बजे क्रेटा कार से घर लौट रहे थे। तभी घर के नजदीक अचानक जंगल से निकले टस्कर हाथी ने उनकी कार पर हमला कर दिया। प्रमोद कुमार शोर मचाते हुए किसी तरह कार से बाहर निकले और भागकर किसी तरह अपनी जान बचाई। सूचना मिलते ही रानी नांगल सेक्शन इंचार्ज फूल सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जिन्होंने ग्रामीणों की मदद से हाथी को जंगल की ओर भेजने की कोशिश की, लेकिन हाथी प्रमोद कुमार के धान के खेत में घुस गया और फसल को भारी नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों सलवेंदर सिंह, महल सिंह, दलबीर सिंह, लेखराज व मेहर सिंह ने बताया कि जंगल से सटे क्षेत्र में हाथी, बाघ समेत अन्य वन्यजीवों की आवाजाही बढ़ने से ग्रामीणों में दहशत है। करीब तीन माह पूर्व रानी नांगल में हाथी के हमले में जसवंत सिंह की मौत भी हो चुकी है। ग्रामीणों ने वन विभाग से रिहायशी इलाकों में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। वन क्षेत्र अधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। साथ ही क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी गई है।

# सफलता का कोई शार्टकट नहीं होता - मौर्य



## सैनी समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** महात्मा ज्योतिबा फुले वेलफेयर सोसाइटी बिजनौर के तत्वावधान में रविवार को शहनाई बैंकट हॉल में सैनी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में समाज के 285 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति - पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बिजनौर राम आशीष मौर्य ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। कठिन परिश्रम, दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर सीखने की ललक ही विद्यार्थियों को लक्ष्य तक पहुंचाती है। उन्होंने प्रतियोगिता के दौर में सामान्य ज्ञान को भी सफलता के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान और उत्साहवर्धन समाज की जिम्मेदारी है। सम्मानित विद्यार्थी अपनी उपलब्धियों को आगे की सफलता का आधार बनाते हुए माता-पिता और समाज का नाम रोशन करें। उन्होंने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ सैनी समाज से खेती को आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीकों से करने का आह्वान किया। सोसाइटी अध्यक्ष कल्याण सिंह सैनी ने अतिथियों का फूल-माला एवं स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। समारोह की अध्यक्षता मां जगराम सिंह सैनी ने की। संचालन महासचिव देवेन्द्र सैनी ने किया। इस दौरान विक्रांत सैनी (उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम, मेरठ), डॉ. सुषमा सैनी (प्रोफेसर, डीएवी पीजी कॉलेज मुजफ्फरनगर), डॉ. स्वाति सैनी (एमबीबीएस, एमडी, ऋषिकेश), डॉ. एमसी सैनी (वरिष्ठ हड्डी रोग विशेषज्ञ, मेरठ), पवन कुमार सैनी (अध्यक्ष, अंतर्राष्ट्रीय सैनी समाज मार्गदर्शन एवं एकता संघ), डॉ. अमरीश सैनी, सूरजमल सैनी, मास्टर राजपाल सिंह सैनी, मास्टर अनिल कुमार सैनी और मोहित सूर्यवंशी हल्दौर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# 9वें शिविर में 1840 लोगों की आंखों की जांच की गई




**चांदपुर ( चिंगारी )।** आभा फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित 9वें नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 1840 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिसमें 150 लोगों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई। यहां बिजनौर रोड स्थित फादरसन पब्लिक स्कूल में आयोजित शिविर में 910 लोगों को चश्मे वितरित किए गए तथा 780 लोगों को नि:शुल्क दवाइयां भी दी गईं। इस अवसर पर आभा फाउंडेशन की संस्थापिका आभा सिंह ने कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आंखों की नियमित जांच बेहद जरूरी है और समय पर जांच एवं उपचार से आंखों की गंभीर समस्या से बचा जा सकता है। शिविर में पहुंचे लोगों ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए आभा फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया।

# सेंट पीटर्स स्कूल में हुई खेल प्रतियोगिताएं



**किरतपुर ( चिंगारी )।** कल सेंट पीटर्स स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विविध अंतर-सदनीय खेल प्रतियोगिताओं का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक रेवरेंड फादर बीजू द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके बाद समारोह की परंपरा के अनुसार रेवरेंड फादर बीजू ने स्पोर्ट्स कैप्टन वैष्णवी को 'स्पोर्ट्स फ्लेम' सौंपी। वैष्णवी ने जलती हुई मशाल के साथ खेल भावना और ऊर्जा का संदेश देते हुए पूरे ट्रैक का चक्कर लगाया और फिर यह मशाल स्पोर्ट्स कप्तान आरव को सौंपी, जिन्होंने इसे सम्मानपूर्वक निर्दिष्ट स्थान पर स्थापित कर प्रतियोगिताओं के शुभारंभ की घोषणा की।

# सपा में शामिल हुईं सरिता सैनी



**चांदपुर ( चिंगारी )।** जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सरिता सैनी ने अपने समर्थकों के साथ लखनऊ पहुंचकर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने श्रीमती सरिता सैनी का स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर श्रीमती सरिता सैनी ने कहा कि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत से उत्तर प्रदेश में सरकार बनाएगी तथा श्री अखिलेश यादव पुन: प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। इस अवसर पर नूरपुर विधायक रामअवतार सैनी, मांगेराम सैनी, राकेश सैनी, प्रियांशु सैनी, विनीत गुर्जर, नीरज यादव आदि भी मौजूद रहे।

# रेडियो संदेश ने संचारी रोगों के प्रति जागरूक किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** रेडियो संदेश बिजनौर 89.6 (प्रवर्तक कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बिजनौर) एवं स्मार्ट एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम तैमूरपुर दीपा में संचारी रोगों के प्रति जनता को जागरूक करने के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 'सेहत सही-लाभ कई' विषय के अंतर्गत स्थानीय नागरिकों को संचारी रोगों से बचाव, स्वच्छता तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के प्रति शिक्षित करना था। कार्यक्रम के दौरान रेडियो टीम की सदस्य सारिका चौधरी ने उपस्थित लोगों को बरसात के मौसम के बाद तेजी से फैलने वाले वायरल फीवर, खांसी और मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों से बचाव और जरूरी सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान रेडियो सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन एवं कॉलेज निदेशक डॉ. (प्रो.) अमित कुमार बंसल ने शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर रेडियो संदेश की टीम के सदस्य श्यामल मंडल, शबाना बेग, सारिका चौधरी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# लायंस क्लब बिजनौर सिटी ने जिला कारागार में किया चिकित्सा शिविर का आयोजन

## कैदियों और कारागार स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण किया

**बिजनौर (चिंगारी)।** सेवा, करुणा और मानवीय संवेदनाओं के एक अलौकिक समागम में रविवार, 30 अगस्त को जिला कारागार, बिजनौर का प्रांगण एक नवनिर्मित संचेतना का साक्षी बना। सामाजिक सरोकारों की अग्रणी संस्था लायंस क्लब बिजनौर सिटी (सत्र 2026-27) के तत्वावधान में विशाल नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श, गहन स्वास्थ्य परीक्षण, नि:शुल्क औषधि वितरण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रात: 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक चले इस सेवा यज्ञ ने न केवल बंदियों (कैदियों) और कारागार स्टाफ के स्वास्थ्य का संबल संजोया, बल्कि निराशा के अंधकार में भटकते लोगों को एक नई ऊर्जा और जीवन-दृष्टि भी प्रदान की।



महिला कैदियों को सामान वितरित करते हुये क्लब की महिलाएं।



रोगियों का परीक्षण करते हुए डाक्टरों की टीम।



पौधारोपण करते हुये जेल अधीक्षक व क्लब के पदाधिकारी

कार्यक्रम का शुभारंभ जेल अधीक्षक राजेश कुमार सिंह एवं जेलर कस्तूरी लाल गुप्ता ने किया। चिकित्सा शिविर में फिजिशियन डॉ. आर. के. अग्रवाल, डॉ. नीरज चौधरी, डॉ. आलोक कुमार चौधरी, डॉ. अशोक चौधरी, डॉ. धरम सिंह, डॉ. जगपाल सिंह, डॉ. मुदित अग्रवाल, ई.एन.टी. सर्जन डॉ. योगेन्द्र सिंह, डॉ. राजीव चौधरी, डॉ. राजीव सिंह, डॉ. सुभाष सिंह, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. टी. सी. अग्रवाल, डॉ. सत्येन्द्र चौधरी, डॉ. रचित अग्रवाल, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. निरुपमा चौधरी, डॉ. सीमा चौधरी, डॉ. सीमा देशवाल, डॉ. सोनल सिंह, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. निखिल सिंह, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहन चौधरी, डॉ. निकिता चौधरी, डॉ. अभिषेक, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. पवन चौधरी, डॉ. साक्षी गोयल, अस्थि एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. आशु आत्रेय, डॉ. राहुल देशवाल, डॉ. अमित नारायण, डॉ. नमन गुप्ता, होम्योपैथ डॉ. शूरवीर सिंह तथा पैथोलॉजिस्ट डॉ. योगेन्द्र सिंह ने सैकड़ों बंदियों की शारीरिक व मानसिक व्याधियों का अत्यंत आत्मीयता से निवारण किया। इस अवसर पर जेल परिसर में एक वृक्षारोपण भी किया गया। शिविर को सफल बनाने में क्लब अध्यक्ष पीयूष कुमार, सचिव प्रशांत कुमार गोयल (एडवोकेट), कोषाध्यक्ष अचल अग्रवाल, लायनेस प्रतिमा सिंह, वंदना त्यागी, नीता अग्रवाल, शिविर संयोजक डा. सीपी सिंह, सह संयोजक डा. आशु आत्रेय, ला. राहुल देशवाल, विभूतिराय भटनागर एड., अनुपम मोहन माथुर, विभोर कौशिक एड., अक्षय गोयल, गोयल भारद्वाज एड., अधर गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, मनोज ढाका, निखिल गहलौत, पारस अग्रवाल, आशीष जैन, नवनीत गुप्ता, अनुपम विजय गुप्ता, मनीष गोयल आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन लायन एस. के. बबली एड. एवं लायन जयवीर राठी ने किया।

## पाडले वाले बड़े वैद्य जी नहीं रहे!

**किरतपुर (चिंगारी)। देश-विदेश में प्रसिद्ध पाडले वाले बड़े वैद्य जी का निधन हो गया, जिससे नगर व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। निकटवर्ती ग्राम पाडला के रहने वाले वैद्य धन प्रकाश (85 वर्ष) बड़े वैद्य जी के नाम से जाने जाते थे। उनके पास पूरे भारत व विदेश से भी मरीज इलाज कराने के लिए आते थे। वैद्य जी की आज बिजनौर के एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। उनके निधन की खबर मिलते ही उनके निवास ग्राम पाडला में अंतिम दर्शन के लिए भारी भीड़ जमा हो गई। उनके पुत्र अर्नव कौशिक के अनुसार आज शाम उनका अंतिम संस्कार गंगा बैराज पर किया जाएगा। चिंगारी परिवार की ओर से श्रद्धांजलि।**



वैद्य धन प्रकाश का फाइल फोटो

## नौधा में फायरिंग करने वालों का अभी कोई सुराग नहीं

**नहटौर (चिंगारी)।** कार और बाइक सवारों द्वारा मोहल्ला नौधा में फायरिंग करने के आरोपियों को पकड़ने के लिये पुलिस सीसीटीवी कैमरे की जांच पड़ताल में जुटी है। 24 घंटे बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। बता दें कि नहटौर के मोहल्ला नौधा में रविवार की देर शाम को धामपुर रोड से आये कार सवार व बाइकों पर सवार आधा दर्जन युवकों ने तीन-चार फायर किये। आसपास के नागरिक कुछ समझ पाते इसी दौरान कार वापस धामपुर रोड की ओर तेज रफ्तार के साथ चली गयी। वहीं बाइक सवार नहटौर नगर की ओर फरार हो गये। अचानक हुई फायरिंग से नगर में सनसनी फैल गई। दहशत फैलाने वालों की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह ने बताया कि सूचना मिली है, किसी भी व्यक्ति ने प्रत्यक्ष रूप से कुछ भी नहीं बताया है। सीसीटीवी कैमरों की जांच पड़ताल की जा रही है।

## बागड़पुर में कल रालोद का सम्मेलन की पूर्ण तैयारी



**चांदपुर (चिंगारी)।** पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं सम्मेलन के आयोजक चौधरी धर्मपाल सिंह ने कल एक सितम्बर को ग्राम बागड़पुर में आयोजित होने वाले रालोद के कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए क्षेत्र के अनेक गांवों में भ्रमण कर बागड़पुर पहुंच कर सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर रालोद कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। सम्मेलन आयोजक चौ. धर्मपाल सिंह ने बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि रालोद के राष्ट्रीय संगठन महासचिव त्रिलोक चंद त्यागी, विशिष्ट अतिथि पंचायत राज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल सिंह धामा व क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह सम्बोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

## यातायात प्रभारी को सम्मानित किया



**बिजनौर (चिंगारी)।** व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान रजि. बिजनौर के द्वारा रवि कुमार नैन प्रभारी यातायात पुलिस को पुलिस लाइन यातायात ऑफिस पहुंचकर सावन माह की कांवड़ यात्रा का सुव्यवस्थित संचालन कराने हेतु शाल ओढ़ाकर एवं बुके देकर व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के प्रतिनिधि मंडल ने सम्मानित किया गया। इस बार जिले में बड़े व्यवस्थित ढंग से कांवड यात्रा का संचालन हुआ। कोई घटना, दुर्घटना नहीं हुई। कोई लड़ाई-झगड़ा, फसाद आदि भी नहीं हुआ। रवि कुमार ने व्यापारियों का सहयोग के लिए धन्यवाद किया। प्रतिनिधि मंडल में खगेश कुमार शर्मा जिला महामंत्री, संजू शर्मा जिला मंत्री, प्रदीप अग्रवाल जिला संगठन मंत्री, अरविंद ठाकुर उप कोषाध्यक्ष, ब्रह्मपाल सिंह, अनुराग शर्मा आदि रहे।

## समय से पूर्व नहीं कराई, नालों की सफाई

**धामपुर (चिंगारी)।** धामपुर-नूरपुर रोड स्थित नींदड़ू चुन्ना भट्ठी के पास नालों की सफाई और पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से सड़क की हालत बदहाल हो गई है। नालों के चोक होने के कारण पानी सड़क पर जमा गया है जिसके चलते कोलतार की सड़क जगह-जगह से टूटकर बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई। पानी निकासी की व्यवस्था अल्हैपुर ब्लॉक के अंतर्गत आती है। ग्राम प्रधान से भी कई बार नालों की सफाई कराने की मांग की गई, लेकिन समय रहते नालों की सफाई नहीं कराई गई। ग्रामीणों का कहना है कि यदि नालों की नियमित और बेहतर तरीके से सफाई करा दी जाती तो सड़क पर पानी जमा नहीं होता और सड़क को इस तरह क्षतिग्रस्त होने से बचाया जा सकता था। लगातार सड़क पर पानी भरे रहने से राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए गहरे गड्ढे हादसे का कारण बन सकते हैं। लोक निर्माण विभाग के जेई ने बताया कि सड़क की मरम्मत इससे पहले भी दो बार कराई जा चुकी है। उनका कहना है कि इस बार पहले सड़क पर जमा पानी की निकासी के लिए डिस्पोजल की व्यवस्था कराई जाएगी। इसके बाद सड़क को पूरी तरह सुखाया जाएगा और गड्ढों को भरने के बाद सड़क की मरम्मत कराई जाएगी।

### सड़कों पर पानी जमा होने से हो गये गहरे गड्ढे



# अज्ञात शवों को दफ़नाना शुरू, सैकड़ों कब्रें तैयार

## नेपाल बाढ़ में अब तक 919 की मौत, 4200 से ज्यादा लोग लापता

काठमांडू( एजेंसी/चिंगारी)। नेपाल में भोटेकोशी और त्रिशूली नदी की भीषण बाढ़ में अब तक 919 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 4,200 से ज्यादा लोग लापता हैं। प्रशासन के सामने बरामद शवों की पहचान और सुरक्षित रखने की बड़ी चुनौती है। चितवन के देवघाट जंगल में अज्ञात शवों को दफनाने के लिए सैकड़ों कब्रें तैयार की गई हैं। पिछले दो दिनों में 196 शव दफनाए जा चुके हैं। लंबे समय तक पानी में रहने से कई शव खराब हो गए हैं, जिससे पहचान मुश्किल हो रही है। हर शव को पहचान नंबर देकर उसका रिकॉर्ड रखा जा रहा है। बाद में DNA जांच के जरिए शवों की पहचान कर परिजनों को सौंपने की कोशिश की जाएगी। हजारों लोग अब भी लापता हैं, इसलिए यह प्रक्रिया बेहद अहम है। नेपाल में आई भीषण बाढ़ से मौतों का आंकड़ा बढ़कर 903 हो गया है। नेपाली अधिकारियों ने यह ताजा आंकड़ा जारी किया है। बाढ़ ने नेपाल-चीन के अहम व्यापारिक रास्ते रासुवागढ़ी-केरुंग बॉर्डर को भारी नुकसान पहुंचाया है। बाढ़ में सीमा चौकी, नेपाल-चीन को जोड़ने वाला फ्रेंडशिप ब्रिज और तिमुरे का बड़ा हिस्सा तबाह हो गया।



यह रास्ता नेपाल के लिए इसलिए अहम है क्योंकि चीन से आने वाला बड़ी मात्रा में सामान इसी रूट से देश में पहुंचता है। रास्ता बंद होने से सामान की आवाजाही प्रभावित हुई है और कारोबारियों की मुश्किल बढ़ गई है। बाढ़ से बिजली आपूर्ति प्रभावित होने के बाद मंत्रालय ने बिजली बहाल करने के साथ वैकल्पिक ऊर्जा की व्यवस्था पर भी काम शुरू किया है। मंत्रालय के मुताबिक, नुवाकोट के करीब 90 प्रतिशत प्रभावित इलाकों में बिजली बहाल हो चुकी है। रसुवा में भी बिजली बहाली का काम तेजी से चल रहा है। बाढ़ के बाद बड़ी संख्या में शव बरामद होने से नेपाल के सामने एक और मुश्किल खड़ी हो गई है। कई शवों की पहचान नहीं हो पा रही है। ऐसे में उनकी पहचान और जरूरी जांच की प्रक्रिया पूरी करने के बाद सामूहिक रूप से अंतिम संस्कार किए जा रहे हैं।

## 50 करोड़ का सोना, कई बक्सों में कैश और चांदी बरामद

नेपाल में भोटेकोशी नदी में आई भीषण बाढ़ ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। बाढ़ का पानी नुवाकोट जिले के त्रिशूली इलाके में स्थित कृषि विकास बैंक की शाखा में भी घुस गया और पूरा बैंक परिसर पानी में डूब गया। कई दिनों बाद जब हालात कुछ सामान्य हुए तो बैंक के अंदर फंसी करोड़ों की संपत्ति को सुरक्षित निकालने के लिए राहत और बचाव अभियान चलाया गया। इस दौरान बैंक से करीब 50 करोड़ नेपाली रुपये मूल्य का सोना बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक आई बाढ़ में कृषि विकास बैंक की त्रिशूली-ढुंगे शाखा पूरी तरह प्रभावित हुई थी। पानी और मलबे के बीच बैंक के लॉकर और अन्य हिस्सों तक पहुंचना बेहद चुनौतीपूर्ण था। इसके बावजूद पुलिस और संबंधित टीमों ने करीब 8 घंटे तक लगातार अभियान चलाकर बैंक के अंदर रखी कीमती धातुओं और नकदी को सुरक्षित बाहर निकाला। अधिकारियों के अनुसार अभियान के दौरान करीब 50 करोड़ नेपाली रुपये मूल्य का सोना, लगभग डेढ़ करोड़ नेपाली रुपये नकद, चांदी और अन्य कीमती सामान बरामद किया गया। इसके अलावा बैंक के महत्वपूर्ण दस्तावेज भी सुरक्षित स्थान पर पहुंचाए गए।

## पुलिस ने चोरी की 11 बैटरियों के साथ तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** थाना पुलिस ने कोतवाली रोड स्थित अबुल फजलपुर तबेला पेट्रोल पंप के यार्ड से ट्रकों की 11 बैटरियां चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की गई 11 बैटरियां व घटना में प्रयुक्त होंडा अमेज कार बरामद की है। आदर्शनगर गली नंबर-12 निवासी राहुल कुमार सिंह ने 27 अगस्त को थाना नजीबाबाद में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोरों ने पेट्रोल पंप के यार्ड से 11 बैटरियां चोरी कर ली हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। जांच के दौरान पुलिस ने घटना में शामिल तीन आरोपितों मौ. नदीम पुत्र मौ. फय्याज निवासी ग्राम घिसटपुरी, अब्बास पुत्र इशरत निवासी जोगीरम्पुरी तथा अजीम पुत्र सगीर निवासी मौहल्ला कुरैशियान रायपुर थाना नगीना देहात को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 23/24 अगस्त की रात उन्होंने अबुल फजलपुर तबेला के पास स्थित पेट्रोल पंप के पीछे यार्ड में खड़े ट्रकों से 12 बैटरियां चोरी की थीं। इनमें से एक बैटरी वहीं टूटकर गिर गई थी, जबकि 11 बैटरियां होंडा अमेज कार में रखकर ले गए थे। आरोपियों के अनुसार, छह बैटरियां अजीम को 12,500 रुपये में बेच दी गई थीं तथा शेष पांच बैटरियां बेचने के बिजनौर ले जा रहे थे। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार, उपनिरीक्षक रामवीर कुमार शर्मा, कांस्टेबल ओम सिंह, विक्रांत, रिक्रूट कांस्टेबल सौरभ कुमार, सौरभ मलिक व गुलमेन्द्र शामिल रहे।






## मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज, एक आरोपी गिरफ्तार

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। मंडावली क्षेत्र के ग्राम राहतपुर निवासी शाहरुख पुत्र लियाकत ने थाने में एक तहरीर दी। जिसमें बताया कि 28 अगस्त को रात्रि में वह अपने घर के सामने खड़ा था तभी आजरा पत्नी शौकत अली उसकी मां से किसी बात को लेकर कहासुनी कर रही थी जिसके हाथ में लोहे की रोड थी। कुछ देर बाद आजरा की पुत्री सोनम व बेटे हिफजान की पत्नी आयशा भी आ गई। सोनम के हाथ में डंडा था, उसी दौरान शौकत अली के तीन बेटे गुलफाम, सूफियान, हिफजान अपने हाथ में लाठी डंडे व तलवार लेकर वहां आ गए। गुलफाम के हाथ में तलवार थी उसने आते ही उसे गंदी गंदी गालिया देते हुए मारपीट की। शोर मचाने पर मोहल्ले वाले आ गए जिन्होंने बीच बचाव कराया तो ये लोग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गए। जिससे पीड़ित शाहरुख काफी डरा व सहमा हुआ है। शाहरुख ने पुलिस से उचित कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एक आरोपी गुलफाम को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।**

### जन्माष्टमी का पर्व सद्भाव के साथ मनाएं: राजकुमार

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद तहसील क्षेत्र के ग्राम सभाचंदपुर भेरकी निवासी सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार राजकुमार कश्यप ने सभी से आगामी जन्माष्टमी व रामडोल का पर्व शांति, सद्भाव व भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि शांति के साथ मिलजुल कर ही त्यौहार मनाने का अलग ही आनंद है।

## उलेमा का शादियों में प्रचलित रस्मों व कुरीतियों से बचने व सादगी अपनाने पर जोर

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** सुधार-ए-मुआशरा अभियान के तहत बीती रात ईशा की नमाज़ के बाद कोल्हू वाली मस्जिद में शादी समारोहों में प्रचलित गैर-शरई रस्मों, फिजूलखर्ची व सामाजिक कुरीतियों की रोकथाम के विषय पर एक महत्वपूर्ण सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता मौलाना मुहम्मद असलम कासमी अध्यक्ष जमीयत उलेमा नजीबाबाद एवं संचालन मौलाना मुहम्मद अकरम, उप नाज़िम जमीयत उलेमा ने किया। कार्यक्रम का आगाज कारी अकील अहमद की तिलावत-ए-कलाम-ए-पाक से हुआ। इसके बाद मौलाना मुहम्मद अकरम ने नात-ए-पाक पेश की। सम्मेलन में मेहमाने खुसूसी मौलाना मुफ्ती मुहम्मद इरफान अल-मज़ाहिरी ने विवाह के अवसर पर समाज में प्रचलित विभिन्न रस्मों व कुरीतियों की ओर विशेष ध्यान आकर्षित कराते हुए मुसलमानों से इन अनावश्यक व शरीयत-विरोधी कार्यों से बचने की अपील की। मुफ्ती ने विशेष रूप से बारात की रस्म का उल्लेख करते हुए कहा कि आज हमारे समाज में शादी के अवसर पर बारात के नाम पर दो सौ, चार सौ, बल्कि पांच सौ तक लोग लड़की वालों के घर पहुंच जाते हैं, इस प्रकार वह मेजबान परिवार पर भारी आर्थिक बोझ बन जाते हैं। उन्होंने प्रभावशाली अंदाज में कहा 'मेहमान मेरे हैं, लेकिन उनके भोजन का इंतजाम आपकी जिम्मेदारी हो' यह कहां का इंसाफ है? उन्होंने शादी समारोहों में भोजन की बर्बादी व बेअदबी की ओर भी विशेष ध्यान दिलाते हुए कहा कि कई-कई प्रकार के व्यंजन तैयार करने के बजाय सादे खाने से काम चलाना चाहिए। इस मौके पर कोल्हू वाली मस्जिद के इमाम मौलाना इम्तियाज आदि मौजूद रहे।

# आईएमएमएस के छात्रों ने सीखे ग्लोबल क्यूलिनरी में करियर बनाने के गुर

## सउदी अरब के रियाद से पहुंचे शेफ ने ली कार्यशाला



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस), कोटद्वार में 'कमिस शेफ से एग्जीक्यूटिव शेफ तक विषय पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित किया गया, जिसमें सउदी अरब के रियाद से पहुंचे शेफ ने छात्र-छात्राओं को मेडिटेरेनियन व्यंजनों के माध्यम से वैश्विक क्यूलिनरी में करियर बनाने के गुर सिखाए।

कॉलेज के सभागार में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का संस्थान के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर जे डब्ल्यू मैरियट होटल, रियाद के डायरेक्टर ऑफ क्यूलिनरी शेफ हमज़ेह अबू एल्फौल ने होटल मैनेजमेंट के छात्र-छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्यूलिनरी क्षेत्र में करियर की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने पेशेवर विकास, कुकिंग कौशल और मेडिटेरेनियन व्यंजनों की बारीकियों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विशेषज्ञ से विभिन्न सवाल पूछे और अपने जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। शेफ हमजेह ने कहा कि हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में सफल करियर के लिए व्यावहारिक ज्ञान, बेहतर कौशल और लगातार सीखते रहने की आवश्यकता है। कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी ने बतायाकि होटल मैनेजमेंट के इस विशेषज्ञ सत्र से विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय हॉस्पिटैलिटी उद्योग की कार्यप्रणाली और विदेशों में रोजगार की संभावनाओं को समझने का अवसर मिला।

कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर पर अपने क्यूलिनरी करियर को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर होटल मैनेजमेंट के विभागाध्यक्ष वेद प्रकाश राठौर, प्रध्यापक सपना रौथाण नेगी, अतुल कुमार, अंकित कुकरेती, राहुल गुसाई, तन्वी पांडे आदि मौजूद रहे।

# प्रतियोगिता में भाग लेना ही जीत के समान : रावत

## अन्तर्विद्यालीय अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत सिमलचौड़ स्थित टीसीजी पब्लिक स्कूल में स्कूल संस्थापक त्रिभुवन चंद्र घिल्डियाल की स्मृति में नौवी अंतर-विद्यालयी अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का आरंभ करते हुए मुख्य अतिथि लैंसडौन विधान सभा विधायक महंत दलीप रावत ने कहा कि किसी भी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना ही जीत के समान होता है। छात्रों को इस तरह की प्रतियोगिताओं में उत्साह से भाग लेना चाहिए। तत्पश्चात आयोजित प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में एवीएन पब्लिक स्कूल प्रथम, आरसीडी पब्लिक स्कूल द्वितीय एवं टीसीजी पब्लिक स्कूल व बाल भारती स्कूल संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। वहीं कनिष्ठ वर्ग में टीसीजी पब्लिक स्कूल एवं ब्लूमिंग वेल पब्लिक स्कूल संयुक्त रूप से प्रथम, हेड हेरिटेज एकेडमी द्वितीय एवं डीएवी पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। निर्णायक मंडल में एयूजीआईसी श्रीकोटखाल के अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. जितेंद्र सिंह नेगी, पीजी कालेज कोटद्वार के कला वर्ग के विभागाध्यक्ष डा. विनोद सिंह भंडारी शामिल रहे। अंत में प्रधानाचार्या नीना की देखरेख में हुई प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# उत्तराखंड में स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**देहरादून ( चिंगारी )।** उत्तराखंड में मौसमी बीमारियों के बीच स्वाइन फ्लू यानी इन्फ्लुएंजा एच1एन1 के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। प्रदेश में अब तक 73 मरीजों में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई है। इनमें सबसे अधिक 67 मामले देहरादून जिले से सामने आए हैं, जबकि नैनीताल में चार और हरिद्वार में दो मरीज मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बढ़ते मामलों को देखते हुए सभी जिलों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार स्वाइन फ्लू से संक्रमित 73 मरीजों में से 43 मरीज स्वस्थ हो चुके हैं, जबकि करीब 25 मरीजों का उपचार चल रहा है। देहरादून में स्वाइन फ्लू से संक्रमित पांच मरीजों की मौत भी हुई है। विभाग के मुताबिक, मृतक मरीज पहले से ही अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित थे। मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जिलास्तर पर रैपिड

## देहरादून में सबसे ज्यादा 67 मामले, पांच मरीजों की मौत

रिस्पांस टीमों को सक्रिय किया है। फील्ड टीमों को संदिग्ध मरीजों की जांच और सर्वे करने के निर्देश दिए गए हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्तर पर स्क्रीनिंग की जा रही है। मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों को इमरजेंसी विंग में इन्फ्लुएंजा मरीजों के लिए पर्याप्त बेड आरक्षित रखने, ऑक्सीजन सपोर्ट उपलब्ध रखने और ओसेल्टामीविर जैसी एंटीवायरल दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश दिए गए हैं। जरूरत पड़ने पर मरीजों को अलग वार्ड में रखकर संक्रमण को फैलने से रोकने की व्यवस्था भी की जा रही है। चिकित्सा अधिकारी डॉ रविन्द्र सिंह बिष्ट के मुताबिक फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और लोगों को पैनिक होने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम और सर्दियों की शुरुआत में सीजनल इन्फ्लुएंजा के मामले बढ़ सकते हैं। सामान्य तौर पर मरीज करीब एक सप्ताह में ठीक हो जाते हैं, लेकिन लोगों को सावधानी बरतना जरूरी है।

# पेड़ पर लटका हुआ युवक का शव मिला

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रविवार को श्री सिद्धबली मंदिर के पीछे नदी की ओर एक व्यक्ति का शव फांसी के फंदे पर लटकता मिला। यह सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि लगभग 28 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति ने पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी थी। मौके पर पुलिस ने शव को पेड़ से उतार कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। आसपास के लोगों से मृतक की पहचान कराये जाने का प्रयास किया गया तो पहचान नहीं हो पाई। वहीं मृतक के दाहिने हाथ पर ओम गुदा है। पुलिस द्वारा शव को मोर्चरी में रखवाकर पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं।

# खेल दिवस पर एनजीए में हुई बैडमिन्टन प्रतियोगिता

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर निर्मल आश्रम के महंत बाबा राम सिंह महाराज, संत बाबा जोध सिंह महाराज की कृपा से एनजीए के सभागार में अंडर 17 अंतरविद्यालयी बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ऋषिकेश के आसपास के 12 विद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ नेत्र चिकित्सक डॉ. राजे सिंह नेगी एवं भाजपा ऋषिकेश के जिला महामंत्री प्रतीक कालिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। गायत्री मंत्र के सामूहिक उच्चारण के साथ प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के समापन पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स ऋषिकेश के न्यूरोसर्जरी विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रजनीश कुमार अरोड़ा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। एनजीए की प्रधानाचार्या डॉ. सुनीता शर्मा एवं हेडमिस्ट्रेस श्रीमती अमृत पाल डंग ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। एनजीए के खेल प्रमुख दिनेश पैन्यूली ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने के साथ-साथ खेलों के प्रति रुचि को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता में बालक एकल, बालिका एकल तथा मिश्रित युगल वर्गों में मुकाबले आयोजित किए गए।

प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका सोमनाथ शर्मा, शेर सिंह थापा, रश्मि, पिंकी पायल, करन शाही ने निभाई। निर्मल आई संस्थान के प्रबंधक अजय शर्मा, स्कूल समन्वयक सोहन सिंह, विनोद विजल्वाण, सरबजीत कौर, ज्योति, परनीत, स्मिता गरग, राजबाला, रजनी, अमित राणा, सरदार निर्मल सिंह, सरदार गुरजिंदर सिंह, निकिता पंत, निर्मला रावत, गौरव त्रिपाठी, उदित गोयल, पूजा गुसाईं, नरेंद्र सिंह, कल्पना, ज्योति गैरोला एवं परनीत कौर, ओम प्रकाश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# हल्द्वानी शुद्धिकरण मामले पर कांग्रेस आक्रामक

## आज मौन प्रदर्शन के बाद कल डीजीपी मुख्यालय पर उपवास



**देहरादून/हल्द्वानी ( चिंगारी )।** हल्द्वानी रामलीला मैदान में कांग्रेस की जनसभा के बाद कथित शुद्धिकरण यज्ञ किए जाने का मामला अब सियासी तकरार का बड़ा मुद्दा बन गया है। मामले को लेकर कांग्रेस लगातार भाजपा सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस ने सोमवार को हल्द्वानी में मौन प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया, वहीं अब मंगलवार को देहरादून स्थित पुलिस मुख्यालय के बाहर उपवास और अनशन करने का ऐलान किया है।

हल्द्वानी के रामलीला मैदान में हुए मौन प्रदर्शन में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश, खटीमा विधायक भुवन कापड़ी समेत कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर मौन प्रदर्शन किया और कथित शुद्धिकरण की घटना पर नाराजगी जताई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि रामलीला मैदान जैसी सार्वजनिक जगह पर किसी राजनीतिक कार्यक्रम के बाद कथित तौर पर शुद्धिकरण किया जाना सामाजिक सौहार्द और लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने के साथ जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की।

कांग्रेस का कहना है कि राजनीतिक और सामाजिक मतभेदों को इस तरह की घटनाओं के जरिए बढ़ावा नहीं दिया जाना चाहिए। पार्टी नेताओं ने सरकार से मामले में स्पष्ट और प्रभावी कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस नेताओं के मुताबिक, पार्टी इस मुद्दे को लेकर अपना विरोध आगे भी जारी रखेगी।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# कनाडा में भागवत बोले- मदद करना भारत की परंपरा

## विविधता ही हमारे देश की खूबसूरती, 'ये मेरा, वह तुम्हारा' की सोच से ऊपर उठना होगा

**टोरंटो ( एजेंसी/चिंगारी )।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत आज टोरंटो में 'हिंदू विश्व बंधु' कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में कहा कि मुश्किल वक्त में दूसरों की मदद करना भारत की पुरानी परंपरा रही है। दुनिया में कहीं भी संकट आया और भारत से मदद मांगी गई तो भारत ने कभी पीछे हटकर इनकार नहीं किया। कई बार भारत ने बिना मदद मांगे भी दूसरों की सहायता की है। भागवत ने कहा- भारत में विविधता एकता के खिलाफ नहीं, बल्कि उसकी खूबसूरती है। देश में अलग-अलग जाति, पंथ, भाषाएं और संस्कृतियां हैं, लेकिन ये सभी एक ही समाज का हिस्सा हैं। उन्होंने विविधता को स्वीकार करने और उसका सम्मान करने की बात कही। उन्होंने कहा कि 'ये मेरा, वो तुम्हारा' जैसी सोच से ऊपर उठने की जरूरत है। अलग-अलग रूप और पहचान के बावजूद सभी में एक ही दिव्यता है। इसलिए दूसरों को अलग या पराया मानने के बजाय सभी के साथ भाईचारे और सेवा की भावना रखनी चाहिए।



### भारत ने मुस्लिम-ईसाई सभी को स्वीकार किया

भागवत ने कहा कि हिंदू सभी का सम्मान और स्वीकार करते हैं। दुनिया में कहीं किसी पर अत्याचार हुआ और उसने शरण मांगी, तो उसे भारत में जगह मिली। भारत में मुस्लिम, ईसाई, यहूदी, पारसी और दूसरे समुदाय भी रहते हैं। लोग सिर्फ शरण लेने ही नहीं, बल्कि ज्ञान हासिल करने के लिए भी भारत आए। उन्होंने कहा कि इंसान को फूल की तरह होना चाहिए। कली, फूल बने और अपनी खुशबू पूरे वातावरण में फैलाए। इसी तरह व्यक्ति को विकसित होकर मानवता के लिए समर्पित होना चाहिए। एक हिंदू की सोच यह होनी चाहिए कि मुझे भी आगे बढ़ना है, मुझे सफल होना है, क्योंकि मुझे सेवा करनी है। भागवत ने कहा कि भारत में विविधता कभी एकता के लिए समस्या नहीं रही। भारतीय परंपरा सिर्फ 'विविधता में एकता' की बात नहीं करती, बल्कि विविधता को ही एकता का हिस्सा मानती है। इसे स्वीकार करना, सम्मान देना और सेलिब्रेट करना चाहिए।


मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)

1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'

M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब

M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र

पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


### चीनी एक सप्ताह में 294 रुपये महंगी, सरसों तेल 162 रुपये चढ़ा

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चीनी 294 रुपये और सरसों तेल 162 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। चावल, अधिकतर खाद्य तेल और दालों में भी तेजी रही। बीते सप्ताह मीठे के बाजार में गुड़ का औसत भाव 294 रुपये चढ़कर सप्ताहांत पर 5,911 रुपये प्रति क्विंटल रहा। इसमें पहले तीन दिन तेजी देखी गयी, जबकि अंतिम तीन दिन कीमतों में उतार देखा गया। इससे पहले के सप्ताह में चीनी 777 रुपये महंगी हुई थी। गुड़ का भाव पिछले सप्ताह 310 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। यह एक सप्ताह पहले 323 रुपये महंगा हुआ था। सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 31 रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 4,134 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं 29 रुपये महंगा हुआ और 2,867 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे का भाव भी 15 रुपये चढ़कर 3,325 रुपये प्रति क्विंटल हो गया।


खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर

बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट

Fybros Fans, Havells Fans, Orient Fans

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर

मो. 9897024836, 8800092476

Gents Specialist

Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat

CLASSIC TAILORS 9927060150

CLASSIC SHOES

CLASSIC Shoes

M: 9897041426

NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus

Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria Exculsive Showroom

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD

बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट

Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom

DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT

Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक

सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा

TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY

8445517265 8791919960

सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर